# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## 'बाबाओं' को कानूनी राहत

### आसाराम 11 साल बाद पहली बार खुली हवा में लेंगे सांस

इलाज के लिए सात दिन की पैरोल



**जोधपुर।** यौन उत्पीड़न के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उपचार के लिए आसाराम की 7 दिन की पैरोल मंजूर शेष पेज 4 पर

#### जोधपुर में लग गई थी समर्थकों की भीड़

आसाराम 10 अगस्त से जोधपुर एम्स में भर्ती है। तबीयत खराब होने और जोधपुर एम्स में भर्ती होने की खबर सार्वजनिक होते ही, अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ लग गई थी। आसाराम को 2018 में जोधपुर की एक विशेष पॉस्को अदालत ने नाबालिग के साथ बलात्कार का दोषी ठहराया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## रामदेव, बालकृष्ण के खिलाफ अवमानना केस बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की माफी स्वीकार करने के बाद उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। योगगुरु रामदेव, बालकृष्ण और उनकी कंपनी की ओर से अधिवक्ता गौतम तालुकदार ने कहा, अदालत ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के शपथपत्रों के आधार पर अवमानना कार्यवाही बंद कर दी है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने मामले में रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि शेष पेज 4 पर

भ्रामक विज्ञापन मामले में मिली बड़ी राहत



### राम रहीम को फरलो



**चंडीगढ़।** दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह मंगलवार को 21 दिन की 'फरलो' पर जेल से बाहर आया। 'फरलो' की अवधि के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बरनावा स्थित डेरा आश्रम में रहेगा।



सीएम साय ने घर में तिरंगा फहराने का किया आह्वान



## जोहार तिरंगा में सूफी गानों की धूम

**रायपुर।** संस्कृति विभाग की ओर से इंडोर स्टेडियम में आयोजित जोहार तिरंगा आयोजन में मंगलवार की रात सिंगर कैलाश खेर ने प्रस्तुति दी। इस दौरान उन्होंने अपनी दिलकश आवाज से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। श्री साय ने देश की एकता अखंडता को अक्षुण बनाए रखने की अपील की। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव के साथ प्रदेश के मंत्री, विधायक और गणमान्य नागरिक शामिल रहे। *(समाचार देखें हरिभूमि लाइव पर)*


POOJA SPINE

POOJA



आरामदायक और दमदार

+91 9912000025 Follow us on


## खबर संक्षेप

### 12 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया बाबू

**वाड्रफनगर।** एसीबी की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बीईओ कार्यालय में पदस्थ बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है।



लिपिक एरियर्स भुगतान के नाम पर भृत्य से 20 हजार रुपए की मांग कर रहा था। इस मामले की शिकायत के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी को 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। फिलहाल एसीबी द्वारा गिरफ्तार लिपिक से शेष पेज 4 पर

# भूखंडों का सेल, मुआवजे का खेल!

## जहां खुलेगी खदान, वहां रातों-रात निर्माण, सर्वे का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

खास खबर

कोयला खदान के लिए अधिग्रहित जमीनों के ज्यादा मुआवजे के लिए खेत खलिहानों में रातों-रात निर्माण हो रहे हैं। जिस गांव में चलने के लिए सड़क नहीं है, वहां आलीशान बहुमंजिला इमारतें, शापिंग काम्पलेक्स, दुकानें, टीन शेड, तालाब, ट्यूबवेल एवं मुर्गी फार्म बनाए जा रहे हैं। शिकायत पर प्रशासन ने सर्वे शुरू किया है।

कोयला मंत्रालय ने महाराष्ट्र राज्य सरकार की महाराष्ट्र स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के ताप विद्युत गृहों के लिए रायगढ़ जिले में गारे पेल्मा कोल ब्लाक का आवंटन वर्ष 2016 में किया था। लगभग 2500 हेक्टेयर से अधिक की निजी व शासकीय जमीन की माइनिंग लीज के लिए पर्यावरण जन सुनवाईं 29 सितंबर 2019 को आयोजित की गई थी। शेष पेज 4 पर



- कोल ब्लॉक में मुआवजे के लालच में हो रहा ताबड़तोड़ अवैध निर्माण
- बिजली कंपनी ने की शिकायत मद परिवर्तन कर हो रहा घोटाला

### मध्यप्रदेश में हो चुका है घोटाला

मध्यप्रदेश के सिंगरोली जिले में इसी तरह के अवैध निर्माण का मामला सामने आया था। जिसमें एक राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए उसके अधिनियम के अनुसार धारा 3 ए के प्रभावी होने के बाद सिर्फ ज्यादा मुआवजे की लालच में रसूखदारों ने दो हजार घर सिर्फ चार फुट ऊंची ईंट की दीवारों और टीन के शेड रखकर बना डाले थे। प्रशासन ने इसकी खरीद शेष पेज 4 पर

### बिजली कंपनी की शिकायत पर सर्वेक्षण हो रहा

महाराष्ट्र स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के की ओर से अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा एवं तहसीलदार तमनार में शिकायत भी की गई है। तमनार के गारे पेलमा माइंस क्षेत्र में मुआवजे के लिए आवासीय और व्यावसायिक निर्माण तेज होने की जानकारी का संज्ञान लेकर प्रभावित गांवों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसका सरकारी रिकार्ड से मिलान करेंगे।

**- अरसी मोर**, एसडीएम, घरघोड़ा

### ड्रोन सर्वे से खुलासा बाद में हो रहे हैं निर्माण

दरअसल 2019 में हुई जनसुनवाई के बाद 3 हजार लोगों को ही गारे पलमा 2 खदान में जमीन अधिग्रहण के एवज में मुआवजे के लिए उपयुक्त पाया गया है। इसके बाद ड्रोन सर्वे में खदान क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति भी साफ हो जाती है कि कहां पर खेत है और कहां पर आवासीय इलाका। लेकिन कुछ जमीन कारोबारी ने किसानों से डील कर ली है। इस डील में वह चार गुना मुआवजा बनाएंगे। यहां सिंचित भूमि का बाजार मूल्य लगभग 12 लाख रुपए प्रति एकड़ है। इसका चार गुना तक मुआवजा मिलता है। इसी तरह असिंचित भूमि का बाजार मूल्य लगभग 8 लाख रुपए प्रति एकड़ है। इसी तरह आवासीय एवं व्यावसायिक भूमि की दर न्यूनतम 500 रुपए एवं अधिकतम 1500 रुपए वर्ग फीट है। इसके अलावा फलदार पेड़ एवं इमारती श्रेणी के पेड़ों का 15 से 40 हजार रुपए प्रति वृक्ष मुआवजा मिलता है।

## देशी पिस्टल लेकर स्कूल पहुंचा गुरुकुल का छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शहर के नामचीन स्कूलों में शुमार गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में प्रबंधन उस समय सकते में आ गया जब आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे के बैग में देशी पिस्टल मिला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इस दौरान उक्त छात्र के घर से भी एक तलवार बरामद हुई। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- घर में मिली तलवार, परिजन गिरफ्तार
- प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

इस संबंध में सिटी कोतवाली जांजगीर से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 12 अगस्त को गुरुकुलं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में एक छात्र के बैग में देशी पिस्टल मिलने की सूचना दर्ज कराई गई। इसके आधार पर पुलिस ने सादी वर्दी में उक्त बालक से पूछताछ की, तब उसने बताया कि उक्त हथियार को वह अपने पिता की आलमारी से लाया है। बालक ने यह भी बताया कि वह क्लास में अन्य बच्चों को उसे दिखाने ले गया था। उसके कथन के आधार पर पुलिस ने उसके परिजन आरोपी लखेश्वर उर्फ कल्लू उम्र 45 वर्ष और लालू पिता शेष पेज 4 पर

### पुलिस को दी सूचना

बैग चेकिंग के दौरान एक छात्र के पास पिस्टलनुमा हथियार मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की है।

**- संतोष शर्मा**, प्राचार्य
गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY

*Deemed to be University* (Declared U/S 3 of UGC Act, 1956), Bhubaneswar, Odisha, India



KIIT Believes in Reality and Quality

SLOW AND STEADY WINS THE RACE

*RANK OVER THE YEARS*

*KIIT has steadily improved its position in the NIRF Universities Rankings conducted annually by the Ministry of Education, Govt. of India.*

Rank 24 2020 → Rank 21 2021 → Rank 20 2022 → Rank 16 2023 → Rank 15 2024

KIIT Jumps to 15th

nirf

Position in Universities Rankings 2024

THE Young University Rankings 2024
World Rank: 168 India Rank: 10

THE Impact Rankings 2024
SDG#10-Reduced Inequalities
World Rank: 6 India Rank: 1

This is a significant achievement, especially considering that KIIT, as an institute, is only 27 years old and 20 years as a university. What makes this even more remarkable is that **Medical and Law Schools** of KIIT, which were established in 2007, have been ranked **25th** and **11th**, respectively.

- KIIT is only 27 years old as an institute (1997 – 2024) and 20 years old as a university.
- KIIT does not have any institute/university in the name of "Kalinga" anywhere else in the country and globe.

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

*लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से ही भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर अटकलों को दौर चल रहा है। जेपी नड्डा का कार्यकाल और सेवा विस्तार समाप्त हो चुका है। पार्टी को अब नया अध्यक्ष तय करना है। भाजपा सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर रविवार देर रात तक चली एक बैठक में भावी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर मंथन हुआ। बैठक में राजनाथ के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष तथा संघ की तरफ से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय हासबले तथा सह सरकार्यवाह अरुण कुमार शामिल हुए। हालांकि भाजपा की तरफ से इस बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।*

## भाजपा और संघ की बैठक में अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर मंथन

# फडणवीस, अनुराग, दुष्यंत और तावड़े के नाम पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

भाजपा सूत्रों का कहना है कि कई नाम फिलहाल मंथन का हिस्सा हैं जि.नमें से किसी एक को जिम्मेदारी दी जानी है। भाजपा और संघ की संयुक्त चर्चा में जिन नामों पर विचार हुआ उनमें देवेन्द्र फडणवीस, अनुराग ठाकुर के अलावा पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम और विनोद तावड़े शामिल हैं। बताया जा रहा है कि करीब पांच घंटे तक चली इस बैठक में नये अध्यक्ष के नाम पर चर्चा के दौरान यह बात भी उठी कि अगला अध्यक्ष दलित या ओबीसी वर्ग से हो तो अच्छा संदेश जाएगा। हालिया लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने 'संविधान बचाओ' का मुद्दा खड़ा किया था। चुनाव नतीजों के बाद यह कहा गया कि दलित वोट कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की तरफ खिसक जाने से भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिल पाया। भाजपा दलित और ओबीसी वोट बैंक को साधे रखना चाहती है ताकि चुनाव के दौरान जातीय समीकरण उसके पक्ष में रहें।

सूत्रों का कहना है कि देवेन्द्र फडणवीस संघ की पसंद हैं। नागपुर के फडणवीस की संघ के साथ बहुत करीबी है। वे अब महाराष्ट्र की राजनीति की बजाय केन्द्र की राजनीति में आना चाहते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजे उम्मीद के विपरीत आने पर उपमुख्यमंत्री के पद से इस्तीफे की पेशकेश की थी, हालांकि पार्टी ने इससे स्वीकार नहीं किया था। हाल ही में संघ और भाजपा के बीच कई मुद्दों पर मतभेद सामने आये हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी दोनों संगठनों के बीच तालमेल नहीं होने की बातें उठीं थी। फडणवीस भाजपा और संघ के बीच रिश्तों को बेहतर कर सकते हैं, ऐसा कहा जा रहा है। अध्यक्ष पद के लिए अनुराग ठाकुर का नाम भी चर्चा में हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर लोकसभा में कांग्रेस और विपक्षी दलों को घेरने के लिए लगातार आगे किये जा रहे हैं। संसद में राहुल गांधी के खिलाफ अनुराग आक्रामक रहते हैं।

### संघ की पसंद फडणवीस

*संघ की तरफ से दत्तात्रेय हासबले व अरुण कुमार हुए बैठक में शामिल, राजनाथ, अमित शाह और बीएल संतोष भी रहे मौजूद*




भाजपा आगामी 17 अगस्त को नई दिल्ली में पदाधिकारियों की बैठक करेगी। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महासचिव भी मौजूद रहेंगे। बैठक में सदस्यता अभियान, विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक चुनावों पर चर्चा होगी। पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में भाजपा के राज्य प्रमुख, महासचिव और अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। पार्टी महासचिव (संगठन) बीएल संतोष तथा अन्य महासचिव भी बैठक में शामिल रहेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी पदाधिकारियों की यह पहली बड़ी बैठक है। जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं। आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि पार्टी लोकसभा चुनावों में अपने बल पर बहुमत लाने में असफल रही थी। भाजपा महाराष्ट्र और हरियाणा में सत्ता में है। इन दोनों राज्यों में लोकसभा चुनाव में पार्टी को मनमाफिक सीटें नहीं मिल पाई थी। पार्टी ने विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। हरियाणा में भाजपा लोकसभा की सिर्फ पांच सीट ही जीत पाई, बाकी पांच सीटों पर उसे कांग्रेस के हाथ हार झेलनी पड़ी थी।

### भाजपा पदाधिकारियों की नई दिल्ली में बैठक 17 को, प्रदेश अध्यक्ष भी होंगे शामिल

## खबर संक्षेप

### जगदंबिका पाल होंगे जेपीसी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली ।** भाजपा के वरिष्ठ लोकसभा सदस्य जगदंबिका पाल को मंगलवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने पाल को 31 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विधेयक के प्रावधानों पर लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच सरकार ने इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया था। संयुक्त समिति में 31 सदस्य हैं।



### गरीब बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करेगा एमपी वक्फ बोर्ड

**भोपाल।** वक्फ बोर्ड पिछले कुछ समय से काफी चर्चा में बना हुआ है। इस बीच मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अनुसार अब वक्फ बोर्ड की आय का 50 फीसदी हिस्सा मेधावी बच्चों की पढ़ाई पर खर्च होगा। इसके लिए वक्फ बोर्ड हर जिले में एक कमेटी बनाएगा। ये कमेटी मेधावी और जरूरतमंद बच्चों का चयन करेगी, जिसके बाद उन्हें अधिकतम 25 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### गुम हुई मिस्टी, 'पोकेमॉन' की लिलिस का निधन

**लास एंजलिस।** लोकप्रिय 'पोकेमॉन' सीरीज की वॉइस एक्टर राचेल लिलिस नहीं रहीं। ब्रेस्ट कैंसर के चलते राचेल का निधन हो गया है। वे 46 वर्ष की थीं। राचेल अपनी अनोखी आवाज और अभिनय के लिए मशहूर रहीं। उन्होंने मिस्टी और जेसी जैसे किरदारों को आवाज दी। राचेल लिलिस के निधन की दुखद सूचना उनकी सह-कलाकर और दोस्त वेरोनिका टेलर ने दी।



## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में लिया गया फैसला

# अदाणी मामले में जेपीसी गठन और जाति जनगणना को लेकर होगा जनांदोलन

*कांग्रेस ने मंगलवार को फैसला किया कि वह अदाणी समूह से जुड़े 'महाघोटाले' की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन और जाति जनगणना कराने की मांग तथा संविधान के सम्मान को लेकर देशव्यापी जनांदोलन शुरू करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता राहुल गांधी के साथ महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुखों की बैठक में यह फैसला किया गया।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

कांग्रेस की इस बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया है, 'अदाणी महाघोटाले की जांच के लिए जेपीसी का गठन किया जाए, क्यूंकि इसमें प्रधानमंत्री पूरी तरह से शामिल हैं और इसमें वित्तीय बाजार नियामक द्वारा भी गंभीर रूप से समझौता किए जाने की जानकारी मिली है।' इसमें पार्टी ने यह भी कहा, 'केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना कराई जाए। भारत के संविधान के प्रति पूरी और सच्ची सम्मान की भावना, विशेष रूप से इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के प्रावधानों के संदर्भ में शाब्दिक और वास्तविक रूप से होनी चाहिए।' कांग्रेस ने कहा, 'अगले कुछ हफ्तों में देश भर में तीनों मुद्दों पर जन आंदोलन अभियान चलाया जाएगा।' कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि वह सेबी की प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे और 'अदाणी महाघोटाले' की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग को लेकर आगामी 22 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन करेगी।

*बेरोजगारी, महंगाई और 'संविधान पर हमले' पर हुई चर्चा*




### बांग्लादेश के मुद्दे पर भी मंथन

*कांग्रेस ने इस बैठक में भारत सरकार से बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों पर लक्षित हमलों को रोकने और उन्हें सुरक्षा, सम्मान और सद्भाव का जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाने का आह्वान किया। पार्टी ने वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया गया तथा अपनी संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में इस घटना को 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करने की राहुल गांधी की मांग को पुनः दोहराया गया।*

### खड़गे ने साधा पीएम मोदी पर निशाना

बैठक के बाद खड़गे ने बेरोजगारी, महंगाई और 'संविधान पर हमले' को लेकर केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर निशाना साधा और उस पर देश के गरीबों एवं मध्य वर्ग के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बेलगाम बेरोजगारी और अनियंत्रित मुद्रास्फीति तथा घरेलू बचत में कमी जैसे गंभीर मुद्दों पर पार्टी ने ध्यान केंद्रित किया है । खड़गे ने आरोप लगाया कि संविधान पर हमला लगातार जारी है। खड़गे ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी हमारे किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेगी। हमारे देशभक्त युवाओं पर थोपी गई अग्निपथ योजना को ख़त्म किया जाना चाहिए।' उन्होंने रेल सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा, 'रेलगाड़ियों का पटरी से उतरना आम बात हो गई है, जिससे करोड़ों यात्रियों को परेशानी होती है। जलवायु संबंधी आपदाएं और ढहता बुनियादी ढांचा भी चिंता का कारण है।'

### केंद्र मणिपुर मुद्दे पर गंभीर नहीं

बैठक से पहले मणिपुर कांग्रेस के अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा, 'मैं बैठक में मणिपुर मामले को उठाऊंगा क्योंकि राज्य में संकट जारी है। सरकार और केंद्र सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। कल हमारा विधानसभा सत्र समाप्त हुआ। विधानसभा में विपक्षी विधायकों द्वारा उठाए गए सवालों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। हम मणिपुर के लिए सरकार से ठोस रोडमैप की मांग करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जमानत नियम, जेल अपवाद; यह यूएपीए जैसे केस में भी लागू

# बेल न देना मौलिक अधिकार का उल्लंघन

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त आतंकवाद निरोधक कानून के तहत आरोपी व्यक्ति को जमानत देते हुए कहा कि कानूनी सिद्धांतों के अनुसार 'जमानत नियम है, जेल अपवाद' । कोर्ट ने कहा कि विशेष कानूनों जैसे गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम (यूएपीए) अधिनियम के तहत हुए अपराधों पर भी जमानत का सिद्धांत लागू होता है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि 'अगर अदालतें उचित मामलों में भी जमानत देने से इनकार करना शुरू कर देंगी, तो यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।'



### अनुच्छेद 21 का उल्लंघन

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा, 'अभियोजन पक्ष के आरोप बहुत गंभीर हो सकते हैं, लेकिन कानून के अनुसार जमानत के मामले पर विचार करना अदालत का कर्तव्य है। जमानत नियम है और जेल अपवाद है, यह विशेष कानूनों पर भी लागू होता है। अगर अदालतें उचित मामलों में जमानत देने से इनकार करना शुरू कर देती हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।'

### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला जलालुद्दीन खान नामक व्यक्ति को जमानत पर रिहा करते हुए सुनाया। जलालुद्दीन खान पर यूएपीए और अब समाप्त हो चुकी भारतीय दंड संहिता के तहत कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज है। जलालुद्दीन पर आरोप है कि उसने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कथित सदस्यों को अपने घर की ऊपरी मंजिल किराए पर दी थी। बिहार पुलिस को 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान अशांति फैलाने की आरोपियों की योजना के बारे में जानकारी मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने 11 जुलाई 2022 को फुलवारी शरीफ में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया था।

## जम्मू कश्मीर में सेना को बड़ी सफलता

# आतंकियों के सबसे अहम मॉड्यूल का हुआ खात्मा, 8 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी ▶▶| श्रीनगर**



जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली है। गंडोह में सेना ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन को अंजाम देते हुए 26 जून को तीन विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया था। इसके बाद केंद्रीय एजेंसियों के जरिए खुफिया जानकारी हासिल कर पुलिस ने जांच की और इसी आधर पर आतंकियों के मुख्य मॉड्यूल का खुलासा किया गया। हाल ही में हुई घुसपैठ में भी इसी आतंकी मॉड्यूल का हाथ था। इसी मॉड्यूल की वजह से डोडा, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ी हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार सीमा पार आतंकवादी संचालकों के साथ मिलकर इस मॉड्यूल के सरगनाओं ने सांबा-कठुआ सेक्टर में बड़े पैमाने पर आतंकियों की घुसपैठ कराई। इस मॉड्यूल के जरिए आतंकियों को रुकने के लिए घर, भोजन और अन्य छोटी रसद उपलब्ध कराई गई।

### घुसपैठ-रोधी ग्रिड होगा और मजबूत

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशों को रोकने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ-रोधी ग्रिड को और मजबूत किया जा रहा है। उपराज्यपाल ने पाकिस्तान पर आतंकवाद का "जरिया" होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह (पड़ोसी देश) जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति को बिगाड़ने के अपने प्रयास में कभी सफल नहीं होगा। सिन्हा ने रविवार को कहा, "घुसपैठ-रोधी ग्रिड को पहले की तुलना में मजबूत किया गया है। घुसपैठ के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए इसे और मजबूत किया जाएगा।"

# 'चुनाव में बहन के खिलाफ पत्नी को उतारना गलती थी'

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बारामती के लोकसभा चुनाव में बहन और पत्नी को आमने-सामने उतारना बड़ी गलती थी। उन्होंने कहा कि पत्नी को चुनाव में नहीं उतारना चाहिए था। अजित पवार ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह अपने फैसले को वापस तो नहीं ले सकते हैं लेकिन उनका फैसला गलत था। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वह अपनी बहन से बहुत प्यार करते हैं। बता दें कि बारामती के लोकसभा चुनाव में अजित पवार की बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उनकी पत्नी सुनेत्रा चुनाव मैदान में थी। इस चुनाव में सुप्रिया सुले को जीत मिली थी। मीडिया से बातचीत के दौरान अजित पवार ने कहा कि राजनीति को घर के भीतर नहीं आने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'मैं अपनी सभी बहनों से प्यार करता हूं। मैंने अपनी बहन के खिलाफ सुनेत्रा को मैदान में उतारकर गलती की।



■ अजित पवार का सुप्रिया सुले को लेकर बड़ा बयान

### संसदीय बोर्ड ने लिया था फैसला

अजित पवार ने कहा कि वह बारामती में पत्नी और बहन को आमने-सामने चुनाव लड़ाना नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा कि यह फैसला संसदीय बोर्ड ने लिया था। एक बार तीर लगने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता। लेकिन मेरा दिल आज मुझसे कहता है कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। अब तो उस फैसले को वापस नहीं लिया जा सकता। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 'राजनीति की जगह राजनीति है, लेकिन ये सभी मेरी प्यारी बहनें हैं। कई घरों में राजनीति चल रही है। लेकिन राजनीति को घर में घुसने नहीं देना चाहिए। हालांकि लोकसभा के दौरान मुझसे एक गलती हो गई। चुनाव में मुझे अपनी बहन के खिलाफ सुनेत्रा पवार को खड़ा नहीं करना चाहिए था।'

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हॉलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

## पोकरण में स्वदेशी एंटी-टैंक गाइडेड प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण

# सेना के जवान ने कंधे पर रखकर लॉन्च की मिसाइल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

डीआरडीओ ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में स्वदेशी मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) का सफल परीक्षण किया। सेना के जवान ने कंधे पर रखकर मिसाइल लॉन्च की। इसका वीडियो भी जारी किया गया है। यह मिसाइल दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद वाहनों की धज्जियां उड़ा सकती है। भविष्य में इसे मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन में भी तैनात किया जाएगा। पोखरण के परीक्षण में एमपीएटीजीएम ने पूरी सटीकता के साथ टारगेट पर निशाना लगाया। इस स्वदेशी एंटी-टैंक मिसाइल में टैंडम हाई एक्सप्लोसिव एंटी-टैंक हथियार लगा है, जो अत्याधुनिक एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर कवच वाले बख्तरबंद वाहनों को छेद सकता है। यानी आज के जमाने का कोई टैंक या बख्तरबंद वाहन इससे बच नहीं सकता। फिलहाल इसके ट्रायल्स पूरे हो चुके हैं। इसका वजन 14.50 kg है। लंबाई 4.3 फीट है। इसे दागने के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। इसकी रेंज 200 मीटर से लेकर 2.50 km है। इसमें टैंडम चार्ज हीट और पेनेट्रेशन वॉरहेड लगा सकते हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




चार पत्रकारों के खिलाफ चिंतुर में दर्ज हुआ था गांजा का मामला

दक्षिण बस्तर के इतिहास में ये पहला मामला

# अमित शाह दो दिनों के दौरे पर 23 को आएंगे

## नक्सलवाद पर होगी बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के दौरे पर 23 अगस्त को यहां पहुंचेंगे, वे 24 अगस्त की रात तक वापस जाएंगे। यहां पर वे नक्सलवाद को लेकर बड़ी बैठक लेंगे। अभी उनका मिनट टू मिनट कार्यक्रम नहीं आया है। नक्सलवाद के आलावा और बैठकें भी हो सकती हैं। उनके दौरे को लेकर तैयारी की जा रही है। कुछ समय पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव दिल्ली दौरे पर गए थे तो उनकी केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात हुई थी। उनको नक्सलवाद को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा लिए ▶▶|शेष पेज 4 पर



# पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रखकर फंसाने के मामले में टीआई पर केस दर्ज, सस्पेंड भी

पत्रकारों को जेल भेजने वाला टीआई खुद गया जेल

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

सुकमा, दंतेवाड़ा जिले के चार पत्रकारों की गाड़ी से गांजा बरामदगी के मामले में संदिग्ध कोंटा के पूर्व थानेदार अजय सोनकार के खिलाफ आखिरकार मामला दर्ज कर लिया गया। उसे सस्पेंड कर जेल भेज दिया गया। आरोप है, पत्रकारों के वाहन में गांजा इसी थानेदार ने रखवाया था, जिसे आंध्र पुलिस ने बरामद कर चारों को जेल भेजा है। वाहन में गांजा रखते वीडियो वायरल हुआ था, जिसके आधार पर जांच कर थानेदार पर एक्शन लिया गया। पत्रकार इस मामले को लेकर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### निलंबन के साथ मिली जेल

प्रारंभिक जांच के प्रकाश में आई तथ्यों के आधार पर तत्कालीन थाना प्रभारी कोन्टा अजय सोनकर द्वारा अनाधिकृत रूप से आर.एस.एन. लॉज कोन्टा की सीसीटीवी फुटेज डीवीआर को अपने कब्जे में लेने के विधि विरुद्ध कृत्य के संदर्भ में उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 324,31(2) ▶▶|शेष पेज 4 पर


एसपी सुकमा




निलंबित टीआई

### जांच रिपोर्ट के आधार पर हुई एफआईआर

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि आंध के चिंतुर में अपराध क्रमांक 62/2024 धारा 20 (ख) एनडीपीएस पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। इस संदर्भ में राजेन्द्र पीसा, विश्वजीत सरकार एवं अन्य पत्रकार सुकमा द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर थाना प्रभारी कोन्टा अजय सोनकर के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की मांग ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पत्रकारों के मामले में सरकार गंभीर

*सुकमा, दंतेवाड़ा जिले के 4 पत्रकारों के मामले को लेकर प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इस तरह का कृत्य कतई क्षम्य नहीं है। इस मामले को लेकर 11 अगस्त को ही गृहमंत्री विजय शर्मा से मिलकर आवश्यक कार्रवाई हेतु कहा गया था। उसी संदर्भ में संबंधित टीआई को निलंबन के साथ एफआईआर कर जेल भेज* ▶▶|शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### विनेश की अपील पर फैसला 16 तक टाला

पेरिस। खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग ने विनेश फोगाट की अपील पर फैसला 16 अगस्त तक स्थगित कर दिया। पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विनेश ने अपील की है। इससे 29 वर्षीय भारतीय पहलवान का इंतजार बढ़ गया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर मगरमच्छ की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में मंगलवार को रेलवे लाइन पर आ जाने के कारण एक मगरमच्छ की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। रौजा रेलवे स्टेशन के पास किसी ट्रेन से एक मगरमच्छ की कट कर मौत हो गई। पटरी पर मगरमच्छ दो टुकड़ों में कटा हुआ पाया गया।

## हड़ताल पर बंटे रेजिडेंट डॉक्टर्स, आज क्राइम सीन पर पहुंचेगी सीबीआई टीम

# डॉक्टर की रेप-हत्या केस की होगी सीबीआई जांच कोर्ट ने पूछा-हत्या का मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम ने पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से पेश वकील से यह सवाल तब पूछा, जब उन्होंने दावा किया कि अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि हत्या की तत्काल कोई शिकायत नहीं मिली थी। न्यायमूर्ति शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक का शव सड़क किनारे नहीं मिला था और अस्पताल के अधीक्षक या प्राचार्य शिकायत दर्ज करा सकते थे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमिनार हॉल में गत शुक्रवार को एक महिला चिकित्सक का शव अर्ध नग्न अवस्था में मिला था।

■ चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर में डॉक्टरों की हड़ताल जारी

» रांची में रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने भी किया कार्य बहिष्कार

» राजस्थान में रेजिडेंट चिकित्सकों की हड़ताल से सेवाएं प्रभावित

*आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के कथित दुष्कर्म एवं हत्या मामले की जांच सीबीआई करेगी। मामले को सीबीआई को सौंपने का आदेश जारी करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार से सवाल किया कि शुरुआत में ही हत्या का मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया गया और अप्राकृतिक मौत के कोण से जांच क्यों शुरू की गई। इधर, मंगलवार को भी डॉक्टरों की हड़ताल जारी रही।*




### पुलिस के रवैये पर उठे सवाल

वकील बिल्वदल भट्टाचार्य के मुताबिक एफआईआर में देरी और उसके बाद किसी को गिरफ्तार करना, यह बताने के लिए पर्याप्त था कि पुलिस का रवैया कितना लापरवाह था। हम अदालत के आभारी हैं कि मामला अब सीबीआई को सौंप दिया गया है। न्यायालय द्वारा निगरानी की जाएगी।

### भाजपा ने सीएम ममता से मांगा इस्तीफा

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मामले की जांच पुलिस से सीबीआई को सौंपने के कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की मंगलवार को सराहना की।

### मानवाधिकार आयोग ने जारी किया नोटिस

*राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कोलकाता के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद की गई उसकी हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया है।*

### रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की हड़ताल खत्म!

इधर, हड़ताल पर डॉक्टर बंट गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद जहां एक तरफ फोर्डा ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर फाइमा ने हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है। फोर्डा ने बयान जारी कर कहा कि सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

## लेव्ही वसूली की खबर पर सर्चिंग

# नक्सलियों से 38 लाख नकद इलेक्ट्रिकल सामान बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी/गरियाबंद

धमतरी-गरियाबंद पुलिस द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्र में व्यापक नक्सल आपरेशन चलाया गया, जहां उन्हें बड़ी सफलता मिली। नक्सलियों द्वारा जंगल में छिपाए गए 38 लाख व इलेक्ट्रिकल सामान के साथ दैनिक उपयोग की चीजें पुलिस ने जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रायपुर रेंज के अंदरूनी क्षेत्र धमतरी जिला व गरियाबंद जिले की डीआरजी ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ नक्सलियों ने जमीन के अंदर एवं झाड़ियों में छिपाकर रखा था

### यह मिले सामान

*स्टील डिब्बे के अंदर 2000 के 6 बंडल नोट, 500 के 52 बंडल नोट टोटल 38 लाख रुपए एवं 23 नग बीजी एल के राउंड दो नग टिफिन आईडी तथा आईईडी बनाने संबंधित सामग्री 13 नग डेटोनेटर 1 बंडल फ्यूज वायर, दो किलो लूज बारूद यूरिया फ्लैश लाइट मल्टी मीटर, माओवादी वर्दी काला कपड़ा* ▶▶|शेष पेज 4 पर

चरित्रशंका पर की थी हत्या

# गला घोंटकर पत्नी और तीन बच्चों की हत्या, पति को सजा-ए-मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

चरित्रशंका पर रस्सी से गला घोंटकर पत्नी व तीन बच्चों की निर्मम हत्या करने वाले पति को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। मस्तूरी क्षेत्र के



ग्राम हिर्री निवासी उमेंद्र केंवट पिता परदेशी केंवट (34 साल) की शादी सुक्रिता केंवट से वर्ष 2017 में सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। उनकी दो बेटी खुशी 5 साल, लिसा 3 साल व एक बेटा पवन केंवट 18 महीने के थे। तीन बच्चे होने के बाद भी उमेंद्र केवट अपन पत्नी पर चरित्रशंका कर मारपीट करता था। 1 जनवरी 2024 की रात उसी बात ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मृत्युदंड ही समाज के लिए बेहतर

कोर्ट ने कहा कि तीन अबोध असहाय निर्दोष बच्चे जिनकी मृत्यु कारित करने का कोई कारण नहीं था। मात्र पत्नी पर चरित्रशंका थी, वह भी एकपक्षीय थी, वे निर्दोष थे। वे असामयिक रूप से मानवीय मूल्यों के विरूद्ध नृशंस तरीके से मृत्यु को प्राप्त हुए। इस गंभीर कारकों के विपरीत आरोपी की उम्र भी कम नहीं है, क्योंकि ▶▶|शेष पेज 4 पर

पुटपुरा की घटना

# चल रही थी क्लास, छत का प्लास्टर गिरा, 5 बच्चे घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पुटपुरा के मिडिल स्कूल में चल रही क्लास के बीच छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। घटना में आधा दर्जन छात्र-छात्राएं घायल हो गए। अधिकांश लोगों के सिर तथा हाथ-पैर में चोटे आई, जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। इधर घटना के बाद ▶▶|शेष पेज 4 पर



### बच्चों का फूटा सिर तब जागा प्रशासन

जब मिडिल स्कूल में छत का प्लास्टर गिरा और बच्चों का सिर फूटने की घटना हुई तब जिला प्रशासन की निद्रा टूटी। 13 अगस्त को ही पुटपुरा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ▶▶|शेष पेज 4 पर







### कार नहर में गिरी पांच लोगों की मृत्यु

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले के दाऊदनगर थाना अंतर्गत चमन बिगाहा गांव के समीप मंगलवार को एक कार अनियंत्रित होकर एक नहर में गिर गई जिससे गाड़ी में सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गई। हादसा बारुण रोड पर हुआ है तथा कार के मालिक का फोन नंबर मिलने पर उससे संपर्क किया गया। कार मालिक ने बताया कि गाड़ी में सवार लोग पटना शहर के राजीव नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान की जा रही है।

### 221 ई-बाइक सवारों पर केस, 290 वाहन जब्त

**मुंबई।** मुंबई में यातायात पुलिस ने तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाकर 290 इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल जब्त की हैं। इन दोपहिया वाहन चलाने वाले 221 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने नौ से 11 अगस्त तक सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने और स्वयं एवं दूसरों के जीवन को खतरे में डालने वाले ई-मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 1,176 ई-मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

चिंतन

# जी-4 की आवाज को समझे यूएन, तत्काल करे सुधार

दुनिया अनेक संकटों से गुजर रही है, . और संयुक्त राष्ट्र मूक दर्शक बना पड़ा है, कुछ भी निर्णायक नहीं कर पा रहा है। प्रथम विश्व युद्ध के बाद विश्व में शांति के लिए राष्ट्र संघ की स्थापना हुई थी, लेकिन मात्र 21 वर्ष में ही दूसरा विश्व युद्ध शुरू हो गया। राष्ट्र संघ युद्ध नहीं रोक सका। दूसरा विश्व युद्ध पहले से अधिक विनाशकारी था। जापान के दो शहरों में अमेरिका ने परमाणु बम गिराए थे। मानव नरसंहार का इससे अधिक वीभत्स रूप नहीं हो सकता था। दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई, अधिक अधिकार व नियमों के साथ। स्थापना के समय से ही संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में यूरोप व अमेरिका का प्रभाव रहा है, जिसके चलते भारत व ब्राजील जैसे विकासशील देशों की आवाज को प्रमुखता नहीं मिली है। यूएन की स्थापना के बाद तीसरा विश्व युद्ध तो नहीं हुआ, लेकिन अनेक द्विपक्षीय युद्ध हुए, जिसे रोकने में यूएन विफल रहा। कारण वही यूरोपीय व अमेरिकी हित व वर्चस्व। उत्तर व दक्षिण कोरिया का संघर्ष, ईरान व इराक युद्ध, यूएस व वियतनाम युद्ध, कश्मीर को लेकर भारत व पाक युद्ध, भारत व चीन के बीच युद्ध, तिब्बत, मकाऊ, उज्बेकिस्तान के क्षेत्र शिनझियांग आदि पर चीन के कब्जे, इजराइल के खिलाफ अरब व पश्चिम के मुस्लिम देशों की लामबंदी, अफगानिस्तान को लेकर रूस व अमेरिका के बीच अघोषित लड़ाई, अल्जीरिया व अजरबैजान संघर्ष, चेक व स्लोवाक के बीच विभाजन, खाड़ी व पश्चिम एशिया में तेल पर कब्जे की जंग, कट्टर इस्लामिक आतंकवाद का उदभव व विस्तार, हथियारों की होड़ आदि अनेक युद्ध, संघर्ष और हिंसा की घटनाएं हुईं, जिसमें संयुक्त राष्ट्र कहीं भी परिदृश्य में दिखा ही नहीं, जबकि इसकी स्थापना का मकसद ही वैश्विक शांति है। इसका प्रमुख कारण है कि यूएन के वर्तमान प्रारूप में अमेरिकी व यूरोपीय हित ही वैश्विक हित के रूप में व्यवहारगत है, इसमें एशियाई, लैटिन अमेरिकी व अफ्रीकी हित कहीं नहीं है, चार्टर ही ऐसा बना हुआ है, जिसमें विश्व को समुचित प्रतिनिधित्व ही नहीं है। वीटो पावर बाधक है। आज तेजी से बदले हुए भूराजनीतिक परिदृश्य में न तो अमेरिका प्रभावशाली है, न ही रूस व चीन विश्व में शांति, समानता के प्रतिनिधि हैं। दुनिया बहुध्रुवीय है, आज जापान, भारत, जर्मनी, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, इंडोनेशिया जैसे अनेक विकसित व विकासशील देश हैं, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के हकदार हैं। संयुक्त राष्ट्र में लोकतंत्र का पालन जरूरी है, लोकतंत्र में किसी भी वीटो का कोई स्थान नहीं है। भारत के खिलाफ वीटो का बेजा प्रयोग हुआ है। भारत ने जी-4 देशों की ओर से कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ऐसा कोई भी सुधार जो विशेष रूप से स्थायी श्रेणी में प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर ध्यान नहीं देता, वह मौजूदा असंतुलन को और बढ़ाएगा तथा मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उसे अक्षम बनाएगा। हाल में घटे वैश्विक भूराजनीति घटनाक्रमों ने साफ दर्शाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा का संरक्षण करने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी निभाने में अक्षम है जबकि दुनिया को इसकी सबसे अधिक जरूरत है। अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना उच्चस्तरीय सत्र से पहले भारत की मांग उचित है। 1945 में यूएन सुरक्षा परिषद की स्थापना के समय जो वास्तविकताएं थीं, उनकी जगह मौजूदा भूराजनीतिक वास्तविकताओं ने ले ली है और हर स्तर पर बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। इसलिए यूएन में तत्काल सुधार की जरूरत है।

तिरंगा

हर्षवर्धन पाण्डे



# राष्ट्रीय ध्वज के जनक पिंगली वेंकैया

अंग्रेजों की गुलामी से आज़ाद होने के लिए असंख्य लोगों ने अपना बलिदान दिया, उनमें से अनेक लोगों को आज हम विस्मृत कर चुके हैं। देश की आन, बान और शान तिरंगा किस तरह वजूद में आया, ये भी आज शायद गिने -चुने लोगों को याद होगा। तिरंगे झंडे का जब भी जिक्र आएगा तो पिंगली वेंकैया का नाम स्मरण किए बिना शायद वो अधूरा रहे। पिंगली वेंकैया का जन्म 2 अगस्त, 1876 को वर्तमान आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के निकट भाटलापेन्नुमारु नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता का नाम हनुमंतारायुडु और माता का नाम वेंकटरत्नम्मा था। मछलीपत्तनम से हाई स्कूल उत्तीर्ण करने के बाद वे कोलंबो चले गये। भारत लौटने पर उन्होंने एक रेलवे गार्ड के रूप में और फिर बेल्लारी में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में काम किया और बाद में वह एंग्लो वैदिक महाविद्यालय में उर्दू और जापानी भाषा का अध्ययन करने लाहौर चले गए।

वेंकैया ने ब्रिटिश भारतीय सेना में भी सेवा की थी। 1899 से 1902 के बीच उन्होंने अफ्रीका के बायर युद्ध में भाग लिया, वहीं पर उनकी मुलाक़ात महात्मा गांधी जी से हुई और वे उनके विचारों से बहुत अधिक प्रभावित हुए। स्वदेश लौटने पर मुंबई में गार्ड की नौकरी में लग गए। इसी बीच मद्रास में प्लेग के चलते कई लोगों की मौत हो गई इससे उनका मन बहुत अधिक व्यथित हुआ और उन्होनें वह नौकरी छोड़ दी। बात 1904 की है जब जापान ने रूस को हरा दिया। इस समाचार को सुनकर वो इतना प्रभावित हो गए कि उन्होंने जापानी भाषा सीख ली। पिंगली वेंकैया की संस्कृत, उर्दू व हिंदी आदि भाषाओं पर अच्छी पकड़ थी। इसके साथ ही वे भू-विज्ञान एवम कृषि के अच्छे जानकर भी थे। 1906 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कलकत्ता में हुआ, जिसकी अध्यक्षता दादा भाई नौराजी ने की। इस सम्मेलन में दादाजी ने पिंगली के कार्यों की सराहना की। बाद में उन्हें राष्ट्रीय कांग्रेस का सदस्य मनोनीत कर दिया गया । कांग्रेस के इस अधिवेशन में यूनियन जैक फहराया गया जिसे देखकर पिंगली वेंकैया का मन द्रवित हो उठा।

उसी दिन से वे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की संरचना में लग गए। 1916 में उन्होनें ए नेशनल फ्लैग ऑफ इंडिया नामक पुस्तक प्रकाशित की जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के 30 नमूने प्रकाशित किए थे। पांच साल बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बैठक 1921 में विजयवाड़ा में हुई तो उसमें गांधी जी ने सभी को पिंगली के द्वारा तैयार राष्ट्रीय ध्वज के चित्रों की जानकारी दी। इसी बैठक में गांधी जी ने पिंगली के द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय ध्वज को मान्यता दी। इस संदर्भ में महात्मा गांधी के 'यंग इंडिया' में अपने संपादकीय में 'अवर नेशनल फ्लैग' शीर्षक से लिखा कि राष्ट्रीय ध्वज के लिए हमें बलिदान देने को तैयार रहना चाहिए। मछलीपट्टनम के आंध्र कॉलेज के पिंगली ने देश के झंडे के संदर्भ में एक पुस्तक भी प्रकाशित की जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित अनेक चित्र प्रकाशित किए। इसके बाद वह वापस मछलीपट्टनम लौट आये और 1916 से 1921 तक विभिन्न झंडों के अध्ययन में अपने आप को समर्पित कर दिया और अंत में वर्तमान भारतीय ध्वज विकसित किया।

वेंकैया ने राष्ट्रीय ध्वज के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से सलाह ली और गांधी जी ने उन्हें इस ध्वज के बीच में अशोक चक्र रखने की सलाह दी जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का संकेत बने। पिंगली वेंकैया लाल और हरे रंग की पृष्ठभूमि पर अशोक चक्र बना कर लाए पर गांधी जी को यह ध्वज ऐसा नहीं लगा कि जो संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता है। गांधी जी ने यंग इंडिया' में अपने संपादकीय में आगे लिखा 'जब मैं विजयवाड़ा के दौरे पर था, उस दौरान पिंगली ने मुझे हरे और लाल रंगों से बने बिना चरखे वाले कई चित्र बनाकर दिए थे। मैंने उन्हें एक झंडे के बीच में सफेद रंग की पट्टी डालने की सलाह दी जिसका उद्देश्य था कि सफ़ेद रंग सत्य व अहिंसा का होता है। उन्होंने इसे तुरंत मान लिया'। इसी के बाद पिंगली द्वारा तैयार किया गया झंडा लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया। 1931 में अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को मूर्त रूप देने के लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। इसी साल कराची कांग्रेस कमेटी की बैठक में पिंगली वेंकैया द्वारा तैयार ध्वज, जिसमें केसरिया, श्वेत और हरे रंग के साथ केंद्र में अशोक चक्र स्थित था, को सहमति मिल गई। इसी ध्वज के तले आज़ादी के परवानों ने कई आंदोलन किए और 1947 में अंग्रेज़ों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। भारतीय डाक विभाग ने 12 अगस्त 2009 को पूरे 46 बरस बीतने के बाद पिंगली पर 5 रू. का डाक टिकट जारी किया। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा



1857 आंदोलन

डॉ. विनोद कुमार यादव

क्रांति की खबर जब गुड़गांव (गुरुग्राम) पहुंची तो वहां के किसान-काश्तकार और खेतिहर मजदूर अंग्रेजों के खिलाफ भड़क उठे। फर्रूखनगर के अहमद अली, बल्लभगढ़ के नाहर सिंह और पटौदी के अकबर अली के नेतृत्व में वहां के किसान-बुनकरों ने मेजर एडेन की अगुवाई में आई फिरंगी से जमकर लोहा लिया और अंग्रेजी रेजिमेंट को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। गुड़गांव जिले के दक्षिण-पश्चिमी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मेव समुदाय के लोग भारी संख्या में क्रांति में शामिल हो गए और उन्होंने मेवाती इलाके में अंग्रेजी शासन के तमाम भूराजस्व कार्यालयों व चुंगी-दफ्तरों को तहस-नहस कर दिया। क्रांति की यह ज्वाला पूरे अहीरवाल क्षेत्र में फैल गई।

गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में कहा है- 'पराधीन सपनेहुं सुख नाही' यानी पराधीनता में सुख की अनुभूति कदापि नहीं हो सकती। यानी गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ व्यक्ति सपने में भी सुखी नहीं रह सकता। हमारा अतीत भी उस सुख से वंचित रहा है, जब एक लंबे दौर तक हमारे पूर्वजों को गुलामी का दर्द झेलना पड़ा। अतः यह अटल सत्य है कि आजादी किसी अमृत महोत्सव से कम नहीं है। इस अमृत महोत्सव का अभिप्राय है- आत्मनिर्भरता एवं देशभक्ति के चिंतन का महोत्सव, स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के शौर्य और पराक्रम से उत्पन्न प्रेरणा के अमृत का रसास्वादन।

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 15 अगस्त 1947 तक यानी आजादी हासिल होने के दौर तक लाखों सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, जिनका हम नाम तक नहीं जानते। अपने यशगान की किंचित्मात्र अभिलाषा के बगैर उन तमाम गुमनाम नायकों के आदर्श और लक्ष्य एक ही ध्येय के लिए समर्पित थे, और ध्येय था- भारत की स्वतंत्रता। गौरतलब है कि 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद भारत में अंग्रेजों का साम्राज्य स्थापित हो गया। फलस्वरूप भारत के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक परिदृश्य व तौर-तरीकों में अनेक बदलाव होने लगे। परिणामस्वरूप देश के आमजनों पर फिरंगी साम्राज्य के वर्चस्व और शोषण का शिकंजा कसने लगा। जिसकी वजह से गांवों-कस्बों से लेकर दूर-दराज के आदिवासी बहुल इलाकों तक अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के लिए बगावत भड़क उठी।

ईस्ट इंडिया कंपनी की पलटन में कार्यरत भारतीय सैनिकों, खेती-किसानी से जुड़े काश्तकारों, खेतिहर मजदूरों व श्रमिकों के दिल में वर्षों से सुलग रही चिंगारी ने आखिरकार दावानल का रूप धारण कर लिया, जब चर्बी वाले कारतूसों के मसले को लेकर मेरठ छावनी में 'थर्ड लाइट केवलरी रेजिमेंट' में अंग्रेजों के खिलाफ बगावत फैल गई। इसलिए महान क्रांतिकारी वीडी सावरकर ने अपनी पुस्तक 'द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस' में इस बगावत को 'भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' कहा। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की नींव मेरठ में 10 मई की बजाय 23 अप्रैल को ही तैयार हो गई थी, जब कर्नल स्मिथ ने हिंदुस्तानी पलटन के 90 सैनिकों को चर्बी वाले कारतूस प्रयोग करने के लिए दिए। गौरतलब है कि 90 में से 85 सैनिकों ने चर्बी वाले कारतूसों का प्रयोग करने से इनकार कर दिया। कर्नल स्मिथ ने इन 85 सैनिकों की वर्दी परेड ग्राउंड में उतरवाकर हाथों में हथकड़ी व पैरों में बेड़ियां डलवा दी थी। इस घटना से पूरी 'थर्ड लाइट केवलरी रेजीमेंट' में आक्रोश छा गया। अंततः रेजिमेंट के सैनिकों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने छेनी-हथौड़े लेकर बंदीगृहों के ताले तोड़कर सभी 85 क्रांतिकारियों की बेड़ियां काट डाली और इन क्रांतिकारियों के अलावा कारागार में कैद 1400 कैदियों को भी मुक्त कराकर 'दिल्ली चलो' का जयघोष करते हुए दिल्ली की ओर चल दिए।

'नेरेटिव ऑफ इवेंट्स' व मेरठ गजेटियर्स दस्तावेजों से ज्ञात होता है कि जिस तरह देश खाप चौरासी बड़ौत के बड़े किसान नेता बाबा शाहमल मावी ने बासौद गांव



की मस्जिद को किसान-क्रांतिकारियों का हेड-क्वार्टर बनाया हुआ था, ठीक वैसे ही गाजियाबाद जिले की पिलखुआ तहसील के साठा-चौरासी क्षेत्र के मुखिया जमींदार गुलाब सिंह ने गांव मुकीमपुर गढ़ी में अपनी हवेली को साठ गांवों के किसान-क्रांतिकारियों का मुख्यालय बनाया। फिरंगी सैनिकों ने जमींदार गुलाब सिंह के मुख्यालय को ध्वस्त करने के लिए पिलखुआ रेलवे स्टेशन के नजदीक अपना तोपखाना स्थापित कर जबरदस्त गोलाबारी शुरू कर दी। इस गोलाबारी में गुलाब सिंह सहित सैकड़ों किसान शहीद हुए।

विल्सन के नेतृत्व में अंग्रेजी पलटन 30 मई 1857 को गाजियाबाद के हिंडन नदी के तट पर पहुंची। अंग्रेजी सैनिकों ने हिंडन के आसपास के गांवों में भयंकर कत्लेआम किया। दिल्ली से सटे छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में आग की तरह फैल गई। क्रांति की खबर जब गुड़गांव (गुरुग्राम) पहुंची तो वहां के किसान-काश्तकार और खेतिहर मजदूर अंग्रेजों के खिलाफ भड़क उठे। फर्रूखनगर के अहमद अली, बल्लभगढ़ के नाहर सिंह और पटौदी के अकबर अली के नेतृत्व में वहां के किसान-बुनकरों ने मेजर एडेन की अगुवाई में आई फिरंगी से जमकर लोहा लिया और अंग्रेजी रेजिमेंट को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। गुड़गांव जिले के दक्षिण-पश्चिमी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मेव समुदाय के लोग भारी संख्या में क्रांति में शामिल हो गए और उन्होंने मेवाती इलाके में अंग्रेजी शासन के तमाम भूराजस्व कार्यालयों व चुंगी-दफ्तरों को तहस-नहस कर दिया। क्रांति की यह ज्वाला शीघ्र ही पूरे अहीरवाल क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गई। असल में, अहीरवाल क्षेत्र की जनता अंग्रेजी हुकूमत द्वारा उच्च दर से वसूल किए जा रहे भू-राजस्व, अराजक कानून-व्यवस्था, रंगभेद और दमनकारी नीति से बेहद परेशान थी।

रेवाड़ी के निकटवर्ती गांव रामपुरा के निवासी 32 वर्षीय निर्भीक नौजवान राव तुलाराम ने तमाम अहीरवाल क्षेत्र में क्रांति की बागडोर संभाली और गांव-गांव घूमकर फिरंगी सरकार से मुक्ति के लिए लोगों में क्रांति-चेतना पैदा की। उनकी जोशीली बातों से अहीरवाल क्षेत्र का आमजन अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रेरित हुआ। राव तुलाराम व उनके चचेरे भाई राव गोपाल देव के सम्मिलित प्रयासों से रेवाड़ी परगने में लगभग 1000 किसानों की सेना का गठन किया गया। 17 मई को रेवाड़ी के तहसीलदार व थानेदार को बेदखल कर दिया गया तथा तहसील के हेडक्वार्टर पर अपना कब्जा जमा लिया। ब्रिटिश सरकार के तत्कालीन दस्तावेजों से पता चलता है कि तुलाराम व गोपालदेव के नेतृत्व में लड़ रही क्रांतिकारियों की सेना से हुकूमत इतना थर्राती थी कि मई से लेकर सितंबर तक फिरंगी सेना की राव तुलाराम से निर्णायक लड़ाई लड़ने की हिम्मत नहीं हुई। आखिर 16 नवंबर को जैसे ही अंग्रेजी सेना नसीबपुर के मैदान में पहुंची, राव तुलाराम के क्रांतिकारी, फिरंगियों पर टूट पड़े। इस संग्राम में कर्नल जैराल्ड समेत कई अंग्रेज अफसर मारे गए। राव तुलाराम भी गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलावस्था में उनके सैनिक उन्हें राजस्थान की ओर ले गए।

राव तुलाराम से खुश होकर मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर ने उसको रेवाड़ी, भोरा व शाहजहांपुर का जागीरदार बना दिया। बदले में तुलाराम ने भी बहादुरशाह को हर संभव मदद प्रदान की, और सैनिक विद्रोह के नेता बख्तखान के द्वारा सहायतार्थ राशि के रूप में 45000 रुपये बहादुरशाह जफर को भेजे। दिल्ली-एनसीआर के आसपास के ग्रामीण इलाकों के किसानों, काश्तकारों और श्रमिकों का 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान समय की शिला पर उकेरी गई ऐसी वीरगाथा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

(लेखक इतिहासकार व शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित

दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित

प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूँ तो मेरा भी कल्याण हो जायगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पण्डित जी भागवत सुनाने के लिये तैयार हो गये। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरम्भ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहाः पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहाः महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहाः आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहाँ ले आयें, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिये मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बाँध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बाँध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहाः तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहाः महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहाः मैं समझा नहीं! गुरूजी बोलेः जैसे खुद बँधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है? अर्थात नहीं कर सकता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### जरूरी है जलवायु परिवर्तन के अनुसार कृषि

हमारे देश में कृषि क्षेत्र की ओर एक कदम और आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी लगभग 109 उन्नत किस्म के बीजों को जारी किया जो जलवायु परिवर्तन, अधिक उपज और जैविक कृषि को बढ़ावा देने वाले हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का यह बहुत ही अच्छा प्रयास रहा कि इसने ऐसी फसलों के बीजों को विकसित किया जोकि लगभग 61 फसलों के साथ जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह मानी जा सकती है कि कृषि विशेषज्ञों ने धान के ऐसे बीज विकसित किए जो लगभग 20 प्रतिशत कम पानी में तैयार होंगे। मौसम चक्र के बिगड़ने और कुदरत के कहर के कारण किसानों को हर साल भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ऐसे में फसलों की नई किस्में एक अच्छी पहल है। *–मनोज जोशी, बिलासपुर*

करंट अफेयर

### चेन्नई के संग्रहालय में सुरक्षित है 15 अगस्त 1947 का तिरंगा

चेन्नई के सदियों पुराने फोर्ट सेंट जॉर्ज क्षेत्र में स्थित एक संग्रहालय की अमूल्य संपत्तियों में एक पुराना भारतीय तिरंगा भी है, जिसे 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र भारत के जन्म के समय फहराए जाने का दुर्लभ गौरव प्राप्त है। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार फोर्ट संग्रहालय में रखा यह तिरंगा शुद्ध रेशम का बना है और 3.5 मीटर लंबा तथा 2.4 मीटर चौड़ा है। एक बयान में कहा, यह 1947 में फहराए गए तिरंगे झंडो में से बचा हुआ भारत का एकमात्र ध्वज है। यह ध्वज उस संपूर्ण संघर्ष का प्रमाण है, जो भारतीयों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किया था। मंत्रालय ने कहा कि यह ध्वज 15 अगस्त, 1947 को फोर्ट सेंट जॉर्ज में सुबह 5.30 बजे फहराया गया था। 'पीआईबी कल्चर' ने भी 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया जिसमें तिरंगे के साथ संग्रहालय की गैलरी की कुछ तस्वीरें हैं। कोरोमंडल तट के साथ साथ चेन्नई के एक छोर पर स्थित इस किले की उत्पत्ति संबंधी जानकारी शहर के इतिहास से जुड़ी हुई है। तमिलनाडु पर्यटन विभाग की वेबसाइट के अनुसार, यह किला 23 अप्रैल, 1644 को सेंट जॉर्ज डे पर बनकर तैयार हुआ था, जिसे बाद में सेंट जॉर्ज फोर्ट नाम दिया गया। इस किले के अस्तित्व में आने के साथ ही जार्ज टाउन नामक एक नयी बस्ती का जन्म हुआ जिसमें आसपास के गांव भी शामिल किए गए।



ऑफ बीट

### दुनिया की आधी बड़ी झीलों में हो रहा पानी कम

दुनिया में 50 प्रतिशत से अधिक बड़ी झीलों में पानी की कमी हो रही है और इसकी प्रमुख वजहों में गर्म जलवायु और मानव उपभोग प्रमुख हैं। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय के फांगफैंग याओ हैं। याओ ने कहा कि यह अध्ययन उपग्रहों और 'मॉडल' की एक श्रृंखला के आधार पर दुनिया भर की झीलों में जल भंडारण में परिवर्तन के रुझानों पर पहला व्यापक आकलन है। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच अरल सागर के सूखने जैसे पर्यावरणीय संकट के सामने आने के बाद याओ और उनके सहयोगियों ने यह अध्ययन किया। उनके सहयोगियों में अमेरिका के कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय और कंसास विश्वविद्यालय के अलावा फ्रांस और सऊदी अरब के अध्ययनकर्ता भी शामिल थे। अध्ययन दल ने दुनिया की करीब 2000 सबसे बड़ी झीलों तथा जलाशयों के जलस्तर में हुए बदलाव पर गौर किया। पृथ्वी पर कुल झील जल भंडारण का 95 प्रतिशत हिस्सा इन 2000 जलाशयों में है। अध्ययन दल ने 1992 से 2020 के बीच उपग्रहों द्वारा ली गयी करीब ढाई लाख तस्वीरों का उपयोग किया और इस तरीके से दल ने सबसे बड़ी झीलों में से 1,972 जलाशयों के क्षेत्र का सर्वेक्षण किया।



ट्रेंड

### हर घर तिरंगा



अरुणाचल प्रदेश एक ऐसी भूमि है जहां हर नागरिक के दिल में देशभक्ति कूट-कूटकर भरी है। यह राज्य की जीवंत सांस्कृतिक विरासत में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। हर घर तिरंगा के प्रति ऐसा उत्साह देखकर खुशी हुई। **-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राहुल खतरनाक आदमी



राहुल गांधी सबसे खतरनाक आदमी हैं, उनका एजेंडा है कि अगर वह प्रधानमंत्री नहीं बन सकते तो इस देश को बर्बाद भी कर सकते हैं। हमारे शेयर बाजार को लक्ष्य करने वाली हिंडनबर्ग रिपोर्ट, जिसका राहुल गांधी सोमवार रात समर्थन कर रहे थे, बेकार साबित हुई है।
**-कंगना रनौत, भाजपा सांसद**

### परमात्मा ही आत्मसत्ता



हम सभी में सर्वशक्तिमान परमात्मा बीज रूप में विद्यमान है और यही बीज आत्मसत्ता है, जो परमसत्य से नित्य एकीकृत है। इस अनन्त और सनातन सत्ता को जानना ही परम पुरुषार्थ है।
**-स्वामी अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### इमरजेंसी का ट्रेलर आज



लोकतांत्रिक भारतीय इतिहास के सबसे काले समय और सत्ता की लालसा का गवाह बने जिसने पूरे देश को लगभग जला डाला, इमरजेंसी का ट्रेलर 14 अगस्त को आएगा। आपातकाल की यह विस्फोटक गाथा 6 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। **-अनुपम खेर, अभिनेता**

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा...

**मुंबई।** अभिनेत्री दीया मिर्जा बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो पर्यावरण को लेकर बहुत ही सजग रहती हैं। अभिनेत्री लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी आवाज बुलंद करती आ रही हैं। वह पर्यावरण और प्रकृति के बचाव के लिए लोगों को हमेशा प्रेरित करते हुए नजर आती हैं। अभिनेत्री संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सद्भावना की एंबेसडर भी हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एडवोकेट दीया मिर्जा बदलाव के लिए हमेशा मुखर होकर बोलती हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन, संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में अपने प्रयासों में योगदान दिया है। अभिनेत्री ने 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा सभा 2047: भारत के भविष्य को आकार देने वाले कार्यक्रम में भाग भी लिया। अभिनेत्री दीया मिर्जा ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करने और अपनी जड़ों की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'जब हम व्यक्तिगत रूप से चुनाव करते हैं तो बदलाव होता है। इसलिए सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करें। साधारण चीजें जिन्हें हम अस्वीकार कर सकते हैं वे हैं बोतलें, कटलरी, क्रॉकरी आदि।



# शराब के ठेके पर किया काम, तो कभी सड़क पर बेचे पेन

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में चार दशक के ज्यादा समय से दर्शकों को अपनी बेहतरीन एक्टिंग और दमदार कॉमेडी के चलते अपना मुरीद बना रहे जॉनी लीवर 67 साल के होने जा रहे हैं। दिग्गज एक्टर और कॉमेडियन का जन्म 14 अगस्त 1957 को आंध्रप्रदेश के कनिगिरी में हुआ था।*

## जॉनी लीवर का असली नाम

बहुत से लोग और जॉनी लीवर के फैंस को उनके असली नाम के बारे में पता नहीं है। जॉनी का असली नाम जॉन प्रकाश राव जनुमाला है। उनके नाम बदलने के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। दरअसल, जॉनी के पिता 'हिंदुस्तान लीवर' कंपनी में काम करते थे। कभी-कभी जॉनी भी अपने पिता के साथ उनके ऑफिस चले जाते थे। शुरू से ही जॉनी का फिल्मों की ओर झुकाव भी था। अपने पिता के ऑफिस में जॉनी लोगों को एक्टर्स की मिमिक्री करके एंटरटेन करते थे। इसके बाद लोग उन्हें जॉनी लीवर बुलाने लगे।





## गरीबी के कारण बचपन में किया काम

इसके अलावा जॉनी ने बॉलीवुड में आने से पहले शराब के ठेके पर भी काम किया था। स्कूल से आने के बाद वे परिवार की आर्थिक मदद के लिए काम करते थे। अपने एक इंटरव्यू में जॉनी लीवर ने बताया था कि, 'स्लम में रहते थे ना तो स्कूल से आके मैं दारू के अड्डे पर काम करता था। जो भी पैसे मिलते थे, उन्हें मैं घर के खर्चे के लिए देता था।'

## 'दर्द का रिश्ता' से किया बॉलीवुड डेब्यू

साल 1982 में जॉनी को दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन के साथ विदेश टूर का मौका मिला था। उसी दौरान एक्टर सुनील दत्त की जॉनी पर नजर पड़ी। जॉनी को सुनील दत्त ने अपनी फिल्म 'दर्द का रिश्ता' में काम करने का मौका दे दिया। इसके बाद जॉनी ने 80 और 90 के दशक में दर्शकों का खूब दिल जीता। एक्टर ने अपने करियर में 'गोलमाल अगेन', 'राजा हिन्दुस्तानी', 'एंटरटेनमेंट', 'दूल्हे राजा', 'रुप की रानी', 'जुदाई', 'कुछ कुछ होता है', 'नायक', 'आरजू', और खट्टा मीठा जैसी कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया है।

## राशन के लिए अंकल से मांगते थे पैसे

एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना के शो **The Icons** में जॉनी ने खुलासा किया था कि, 'मेरे डैडी हैं ना, वो बहुत ही शराब पीते थे। उनको ज्यादा घर का ये नहीं होता था। हम अपने अंकल से पैसे मांगते थे। तो राशन के लिए, घर के लिए चाहिए पैसे तो अंकल से लेने पड़ते। तो बुरा भी लगता था मुझे। बार-बार क्या पूछना आंटी से जाके।'

## 15 साल की उम्र में सड़क पर बेचे पेन

जॉनी का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली पढ़ाई भी पूरी नहीं की। सातवीं क्लास में उन्हें घर के हालातों के चलते स्कूल छोड़ना पड़ा। वहीं, 15 साल की उम्र में वे सड़क पर पेन बेचकर गुजारा करते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि, 'कुछ तीन-चार महीने तक मैंने पेन बेचे। मेरे एक चिंदी दोस्त ने मुझे पेन बेचना सिखाया था। मैं जब 15 से 16 साल का था और एक्टर्स की आवाज निकालने की कोशिश करके पेन बेचा करता था। पहले पेन बेचकर मैं 25 से 30 रुपए तक कमाता था। हालांकि, बाद में एक्टर्स की आवाज में पेन बेचे तो 250 से 300 रुपए तक कमाई होने लगी।'

# रिलीज हुआ 'एंग्री यंग मेन' का ट्रेलर

**मुंबई।** बॉलीवुड को 'एंग्री यंग मेन' का कॉन्सेप्ट देने वाली स्क्रीनराइटर जोड़ी सलीम-जावेद को कौन नहीं जानता। इंडस्ट्री में दोनों ने साथ मिलकर 24 फिल्में लिखीं, जिनमें से 22 हिट साबित हुईं। 'शोले' जैसी फिल्मों से अपनी कलम का जादू बिखेरने वाले सलीम-जावेद की जोड़ी की कहानी अब पर्दे पर उतर रही है। अमेजन प्राइम वीडियो पर 'एंग्री यंग मेन' नाम से एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज आ रही है, जिसमें सितारों संग सलीम खान और जावेद अख्तर को अपने राइटिंग के दिनों की बात करते देखा जाएगा। इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'एंग्री यंग मेन' डॉक्यूमेंट्री सीरीज में आप दोनों की कहानी को देखेंगे। ये 20 अगस्त को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।




# मुफासा: द लायन किंग में अबराम की एंट्री

**मुंबई।** 'मुफासा: द लायन किंग' फिल्म का सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें मुफासा के किरदार के लिए शाहरुख खान ने और सिंबा के लिए उनके बड़े बेटे आर्यन खान ने अपनी आवाज दी थी। अब अबराम खान भी इस प्रोजेक्ट से अपना डेब्यू कर रहे हैं। उन्होंने भी इस फिल्म के लिए हिंदी डबिंग की है। वो पापा की आवाज बनेंगे। यानी यंग मुफासा की। ये फिल्म 20 दिसंबर को इंग्लिश, हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में 2D और 3D में रिलीज होगी। डिज्नी मीडिया फ्रेंचाइजी की फिल्म सीरीज की पहली क्लासिक एनिमेशन मूवी 'द लायन किंग' को साल 1994 में रिलीज किया गया था। ये फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी।



**जरूरी सूचना**

संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर द्वारा, आप सभी को यह सूचित किया जाता है कि अस्पताल की नीति के अनुसार, हम केवल 10 वर्षों के इन-पेशेंट रिकॉर्ड को सुरक्षित रखते हैं, इसलिए 1 जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2013 तक के मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट कर दिया जाएगा, केवल मृत रोगी की फाइलों को छोड़कर, जिन्हें हम जीवन भर के लिए रखते हैं। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे आज से अगले 30 दिनों के अंदर तक संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर 7389904010 से संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद।

संपर्क करें :-7389904010

# एडवांस बुकिंग में 'स्त्री 2' ने तोड़ा 'स्त्री' का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 स्वतंत्रता दिवस पर बॉक्स ऑफिस की दौड़ में सबसे आगे चल रही है। फिल्म ने 6.87 करोड़ रुपए से अधिक की एडवांस बुकिंग के साथ स्त्री के पहले दिन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। ओरिजनल 'स्त्री' साल 2018 में रिलीज हुई थी और इसने पहले दिन 6.82 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था और अपने थिएटर रन के अंत तक लगभग 130 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। और 'स्त्री 2' ने सिर्फ अपनी एडवांस बुकिंग में स्त्री के ओपनिंग डे के नंबरों को तोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार, हॉरर कॉमेडी के सीक्वल ने 2.57 लाख से अधिक टिकट बेचे हैं, जिससे कुल 7.84 करोड़ रुपए की बिक्री हुई है, और फिल्म की रिलीज के पहले ही दिन यह आसानी से 10 करोड़ रुपए को पार करने की उम्मीद है।



# केबीसी 16 के शानदार आगाज पर भावुक हुए अमिताभ...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन ने पिछले साल लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को भावनात्मक विदाई दी थी। हालांकि, प्रशंसकों की मांग के कारण मेगास्टार केबीसी की मेजबानी करने के लिए लौट आए हैं। 16वें सीजन का आगाज हो चुका है। शो का प्रीमियर सोमवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर हुआ। बिग बी ने एक बार फिर मेजबान की कुर्सी की शोभा बढ़ाई। साथ ही वह 16वें सीजन के साथ वापस लौटने पर भावुक होते नजर आए। बिग बी जैसे ही मंच पर पहुंचे। लोगों ने अभिनेता-मेजबान का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इसके बाद अमिताभ अपनी सीट पर बैठ गए और कैमरे की ओर देखते हुए हिंदी में अपना स्वागत भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा, 'आज एक नए सत्र की शुरुआत हुई है, लेकिन आज मेरे पास शब्दों की कमी है और ऐसा इसलिए है, क्योंकि किसी भी शब्द में आपके प्यार के प्रति आभार व्यक्त करने की क्षमता नहीं है।' अमिताभ ने कहा, 'मैं केबीसी के पुनर्निर्माण और पुनर्जन्म के लिए इस देश के लोगों को सलाम करता हूं। ये मंच आपका है, ये खेल आपका है और ये सीजन सिर्फ आपका है। आपके प्यार का सम्मान करने के लिए मैं दोगुनी मेहनत से आपके सामने उपस्थित होऊंगा। और मुझे विश्वास है कि आप मेरा हाथ पकड़कर मुझे आश्वस्त करते रहेंगे।' यह सब बोलते हुए बिग बी भावुक होते नजर आएं।



# 'बिग बॉस 18' में चलेगा इन हसीनाओं का जादू

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे पॉपुलर और सक्सेसफुल रियलिटी शो में से एक 'बिग बॉस' है। अब तक इसके 17 सीजन काफी हिट रहे हैं। अब मेकर्स बिग बॉस के सीजन 18 की जोरो-शोरों से तैयारी कर रहे हैं। 'बिग बॉस 18' के लिए कई एक्ट्रेसेस का नाम सामने आ रहा है। खबरों की मानें तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की बबिताजी यानी मुनमुन दत्ता 'बिग बॉस 18' में धमाकेदार एंट्री कर सकती हैं। इसके अलावा सोहेल खान संग फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' में नजर में आने वाली एक्ट्रेस समीरा रेड्डी को लेकर भी खबर है कि वह बिग बॉस 18 का हिस्सा बन सकती हैं। पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में चल रहीं दलजीत कौर को लेकर भी कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस शो में नजर आ सकती हैं। इसके अलावा पूजा शर्मा, दीपिका आर्या, नुसरत जहां, सोमी अली भी शो में आकर अपना जलवा दिखाती हुई नजर आ सकती हैं।






*नियम व शर्तें लागू। ## यह कैशबैक ऑफर केवल पाइन लैब्स की मशीनों के ज़रिए एच.डी.एफ.सी. बैंक क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से किए गए ई.एम.आई. लेन-देन के लिए होंडा के सभी टू-व्हीलर मॉडलों पर उपलब्ध है। ## ग्राहक 5% इंस्टेंट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा रु.5000 है। ## ऑफर अवधि के दौरान प्रति कार्ड/ऑर्डर एक लेन-देन पर मान्य है। ## यह कैशबैक ऑफर 31 अगस्त 2024 तक मान्य है। ** यह योजना केवल चुनिंदा आउटलेट्स में उपलब्ध है। ** यह फाइनेंस योजना केवल सीमित अवधि के लिए आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक ("बैंक") के एकमात्र निर्णय पर उपलब्ध कराई जाएगी। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उपलब्ध उत्पाद से भिन्न हो सकता है। तस्वीर में दिखाई गई एक्सेसरीज सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं। *3 वर्ष की सामान्य और साथ ही मुफ्त विस्तृत वारंटी केवल एक्टिवा 110cc पर उपलब्ध है। *यह योजना केवल मुख्य डीलरों दुवारा पेश की गई है और इसका लाभ अधिकृत मुख्य डीलरों से एक्टिवा 110cc खरीद कर उठाया जा सकता है। *स्रोत: जून 2001 से जून 2024 तक की ब्रांड एक्टिवा की कुल बिक्री एच.एम.एस.आई. के आंतरिक डेटा पर आधारित है। #सेलिब्रेशन ऑफर केवल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तिसगढ़ और मध्य प्रदेश में लागू है। # नियम और शर्तें लागू।

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 8305759763; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9806869214; **DURG:** Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda- 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto -7389320271; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457, 7587341845; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; **NAGRI:** Nahta Honda- 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932, 9406453860, **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

## जैकेट के शेष

### रामदेव, बालकृष्ण और...

आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रखा था। उच्चतम न्यायालय भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया गया था। न्यायालय ने 27 फरवरी को पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक बालकृष्ण को नोटिस जारी कर पूछा था कि कंपनी के उत्पादों और उनके औषधीय प्रभावों का विज्ञापन करने के बारे में पहले अदालत में दिए गए वचन के प्रथमदृष्टया उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ क्यों न अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत ने 19 मार्च को कहा था कि रामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी करना उचित समझा गया, क्योंकि पतंजलि द्वारा जारी विज्ञापन उनके द्वारा समर्थन को दर्शाते हैं, जो 21 नवंबर, 2023 को अदालत को दिए गए वचन के विपरीत है।

### आसाराम 11 साल बाद...

की है। वह 1 सितंबर, 2013 से जेल में बंद है और अब करीब 11 साल बाद पैरोल पर बाहर आएगा। यह पहली बार है जब आसाराम की पैरोल मंजूर हुई है। वह पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए महाराष्ट्र जाएगा। राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी की खंडपीठ ने उसकी अंतरिम पैरोल को मंजूर दी।

### भूखंडों का सेल, मुआवजे...

इस क्षेत्र में किए गए सर्वेक्षण के पश्चात 3000 से अधिक परिवारों को मुआवजा और विस्थापन के लिए चिन्हित किया गया था। जिसकी अधिसूचना भी प्रकाशित किया जा चुकी है। इसके बावजूद तमनार ब्लाक के मुड़ागांव, रोड़ोपाली सारसमाल,ढोलनारा सहित कुछ गांव में ज्यादा मुआवजा की लालच में अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। प्रभावित ग्रामों में किसानों के अलावा बाहर से आए लोगों, भू-माफियाओं, बिल्डर, जमीन कारोबारी छोटे छोटे टुकड़े खरीदकर कर रातों-रात अवैध निर्माण करवा रहे है। इतना ही नहीं नियमों को ताक पर रखकर जमीनों का मद परिवर्तन कराकर उसे व्यावसायिक मद का बनाया गया है। जबकि इन मकानों में रहने वाला कोई नहीं है।

### मध्यप्रदेश में हो चुका...

फरोख्त और नामांतरण पर रोक लगा दी। इसके बावजूद कुछ लोग स्टाम्प पेपर पर अनुबंध कर अवैध निर्माण को अंजाम देने में लगे हुए थे। तब मुख्यमंत्री ने ऐसे अवैध निर्माण को तोड़ने का आदेश दिया था।

### देशी पिस्टल लेकर स्कूल...

आनंदराम उम्र 35 वर्ष से पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने उक्त हथियार को वासुकीनाथ बोलबम से खरीदकर लाना बताया। इसके साथ उन्होंने एक तलवार लाने की जानकारी दी। पुलिस ने उनके कब्जे से तलवार को भी जब्त किया। पुलिस ने स्कूल का भी नजरी नक्शा तैयार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी केरारोड जांजगीर में होटल चलाते है। दोनों आरोपियों को अपराध क्रमांक 659/24 धारा 25 आर्म्स एक्ट 3 (5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं बालक को पृथक से किशोर न्यायालय जांजगीर में प्रस्तुत किया गया, उसे बाल संप्रेक्षण गृह कोरबा भेजा गया।

### 12 हजार की रिश्वत...

पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि नितेश रंजन पटेल कछिया संकुल अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ददिया में भृत्य के पद पर कार्यरत है। भृत्य नितेश रंजन पटेल का वर्ष 2013 से 2017 की अवधि का एरियर्स भुगतान लंबित है। वह लंबित एरियर्स भुगतान के लिए लगातार कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। इस दौरान जब उसने एरियर्स भुगतान के लिए वाड्रफनगर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 गौतम सिंह से सम्पर्क किया तो लिपिक द्वारा एरियर्स बिल तैयार करने के नाम पर भृत्य से 20 हजार रुपए की मांग की गई , लेकिन भृत्य 20 हजार रुपए देने में असमर्थ था। ऐसे में उसने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर के कार्यालय में की थी। एसीबी द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया जिसके बाद मोलभाव कर 12 हजार रुपए में एरियर्स बिल बनाने का सौदा तय हुआ। जब लिपिक 12 हजार रुपए लेने के लिए मान गया तो 13 अगस्त को एसीबी की टीम डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में वाड्रफनगर पहुंची और ट्रैप कार्रवाई करते हुए लिपिक को रुपए लेते एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी द्वारा फिलहाल आरोपी गौतम सिंह से धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हिंसा के बीच मंदिर पहुंचे युनूस ने कहा-

# 'हम सभी बराबर, हिंदू समुदाय खुद को बांग्लादेशी मिट्टी की संतान मानें'

*बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के मामलों के बीच ढाका से बड़ी खबर आई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस मंगलवार को ढाका स्थित ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार के प्राइम गोल मानवाधिकार को बहाल करना है और सभी के लिए फ्रीडम ऑफ स्पीच को तय करना है।*

## ढाकेश्वरी मंदिर में हिंदुओं से की मुलाकात, उन्हें दिलाया भरोसा



एजेंसी ▶▶ ढाका

यूनूस खान ने ढाका में ढाकेश्वर नेशनल टेंपल में विजिट के बाद कहा कि हमें मानवाधिकार और फ्रीडम ऑफ स्पीच लागू करने हैं और यह हमारा मुख्य उद्देश्य है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हिंदू समुदाय के लोगों से कहा कि वो खुद को बांग्लादेशी मिट्टी की संतान मानें और खुद को इंसान की तरह ट्रीट करें। उन्होंने कहा, "आप सिर्फ ये कहें की आप इंसान हो, बांग्लादेश के नागरिक हो और यह आपका संवैधानिक अधिकार है और यह सुनिश्चित करना चाहिए। आप इसे डिमांड करिए, और कुछ नहीं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कानून की नजरों में सभी बराबर हैं और लोगों के बीच में मतभेद पैदा करने की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा, "मैं यहां ये कहने के लिए हूं कि हम सभी बराबर हैं। मतभेद करने का कोई स्कोप नहीं है।

### यूनुस ने लोगों से की यह अपील

मोहम्मद यूनुस ने इस दौरान लोगों से अपील की कि वो बांग्लादेश में कानून की राज स्थापित करने में अंतरिम सरकार की मदद करें। उन्होंने कहा, "कृपया हमें यह स्थापित करने में मदद करें, संयम बरतें और बाद में जज करें कि हम कर सकते हैं या नहीं। अगर हम न कर पाएं तो हमें जिम्मेदार ठहराएं। यह मुख्य बात है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले

*बांग्लादेश के दो हिंदू संगठनों- बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद के अनुसार, 5 अगस्त को शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को 53 जिलों में हमलों की कम-से-कम 205 घटनाओं का सामना करना पड़ा। साथ ही हिंसा से बचने के लिए हजारों बांग्लादेशी हिंदू पड़ोसी देश भारत आने की कोशिश कर रहे हैं।*

## ढाका में भारतीय वीजा केंद्र ने 'सीमित परिचालन' फिर से शुरू किया

बांग्लादेश में हिंसक झड़पों तथा प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के कुछ दिनों बाद यहां भारतीय वीजा आवेदन केंद्र ने मंगलवार को "सीमित परिचालन" फिर से शुरू कर दिया। भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने अपने ढाका केंद्र में सीमित परिचालन फिर शुरू करने की घोषणा की। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, "आईवीएसी (जेएफपी) ढाका ने सीमित परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। पासपोर्ट के संग्रह के संबंध में व्यक्तिगत आवेदकों को संदेश भेजे जाएंगे।"

### शेख हसीना की मुश्किलें, हत्या का मुकदमा हुआ दर्ज

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश तो छोड़ दिया लेकिन उनकी मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बीच शेख हसीना के खिलाफ एक किराना दुकानदार की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि 19 जुलाई को ढाका के मोहम्मदपुर इलाके में पुलिस ने फायरिंग की थी और गोलीबारी में मोहम्मदपुर के किराना दुकान मालिक अबू सईद की मौत हो गई थी। इस मामले में सिर्फ शेख हसीना को ही नहीं बल्कि उनकी पार्टी के अहम नेताओं को भी आरोपी बनाया गया है।

## पेज एक के शेष

### पत्रकारों की गाड़ी में गांजा ...

उद्वेलित थे। सरकार भी मामले को लेकर गंभीर है। जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा पत्रकारों के मामले में जो भी संलिप्त होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। सुकमा जिले के कोंटा में 4 पत्रकारों को झूठे मामले में फंसा दिए जाने के बाद जिले के साथ साथ संपूर्ण प्रदेश में सवाल खड़े होने शुरू हो गए थे। जिस तरह से साजिशन पत्रकारों को आंध्र के चिंतुर में गांजे के मामले में फंसाया गया, उसे लेकर प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। वहीं सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक ने 10 अगस्त से ही मामले को लेकर अलग अलग टीमें गठित कर जांच करवाई थी। नतीजन पत्रकारों की शिकायत पर कोन्टा के पूर्व टीआई अजय सोनकर के विरुद्ध निलंबन के साथ साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर दी।

### निलंबन के साथ...

के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई के दौरान निरीक्षक अजय सोनकर को गिरफ्तार की जाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। निरीक्षक द्वारा की गई अपराधिक कृत्यों एवं संदिग्ध आचरण हेतु इन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित की जाकर विभागीय जांच की कार्यवाही की जा रही है।

### जांच रिपोर्ट के आधार...

की गई। विषय की संवेदनशीलता के मद्देनजर थाना प्रभारी कोंटा अजय सोनकर को 11 अगस्त को रक्षित केन्द्र सुकमा अटैच किया गया और आवेदकगण से प्राप्त शिकायत की प्राथमिक जांच के लिए 11 अगस्त को परमेश्वर तिलकवार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा को जांचकर्ता अधिकारी नियुक्त करने पर प्राथमिक जांच की जाकर जांच प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत किया गया। जिस आधार पर एफआईआर की गई।

### पत्रकारों के मामले में...

दिया गया है। उन्होंने कहा पत्रकारों के साथ पूरी सरकार है आगे भी पूरा सहयोग किया जावेगा। वहीं एसपी किरण चव्हाण ने इस मामले से जुड़े दो अन्य आरोपी माड़वी पवन तथा इरशाद खान को फरार बताते हुए इस मामले की जानकारी मीडिया को दी है। इस तरह चिंतुर पुलिस ने 15 किलो गांजा के मामले में कुल 6 पत्रकारों को आरोपी बनाया है। जिसमें 4 राजमेंद्री जेल में हैं और कोंटा के 2 फरार है।

### अमित शाह दो दिनों के दौरे...

जा रहे एक्शन की पूरी जानकारी दी गई थी, तभी उनके छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर चर्चा हुई थी।विधानसभा चुनाव के पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से तीन साल में नक्सलवाद को समाप्त करने को लेकर ऐलान किया था। इसके बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से लगातार नक्सलियों पर एक्शन हो रहा है। प्रदेश सरकार ने नियद नेल्ला नार योजना भी बनाई है। नक्सलवाद पर अब तक प्रदेश सरकार को जो सफलता मिली है, उसकी जानकारी पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री को दे दी गई है। अब केंद्रीय गृह मंत्री खुद प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं और यहां पर उनकी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा सहित उन सभी अधिकारियों से चर्चा होगी जो नक्सलवाद को लेकर काम कर रहे हैं। अब तक क्या-क्या किया गया है, कितने नक्सली मारे गए हैं, कितनों ने आत्मसमर्पण किया है, इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री के सामने रखी जाएगी। इसी के साथ आगे की योजना के बारे में भी बताया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री का आगे के लिए मार्गदर्शन लेकर काम किया जाएगा।

### नक्सलियों से 38 लाख...

पुलिस व सीआरपीएफ की विशेष टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी। उन्हें सूचना मिली थी कि माओवादियों द्वारा व्यपारियों एवं अन्य लोगों से अवैध रूप से लेव्ही वसूली की गई। धन व सामानों को अलग-अलग जगह छिपाया गया था। सर्चिंग टीम ने गरियाबंद के छोटे गोबरा, पेड्रा के जंगल में मिट्टी को खोदकर एवं झाड़ियों में छिपाकर रखे गए सामान को जब्त किया।

### यह मिले...

व अन्य सामग्री जब्त की गई। इस संबंध में मैनपुर थाना द्वारा 308 बीएनएस, धारा 17, 20,21,40 वि वि क्रि अधि तथा मेचका में धारा 109, 191, (2)191(3)190 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट 4, 5 वि, प, अ तथा 10 वि वि क्रि 13 क 16 ख 38 (2) 39 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

### गला घोंटकर पत्नी...

को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ। इस पर उमेंद्र ने रस्सी से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। उसके बाद कमरे में सो रहे तीनों बच्चों की एक एक कर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। दशम अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश के. त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की गवाही सुनने के बाद आरोप सिद्ध होने पर आरोपी उमेंद्र केंवट को धारा 302 चार बार के अपराध के लिए मृत्युदंड की सजा व 10 हजार रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है। फैसले में कहा गया कि उसकी गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाए जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक लक्ष्मीकांत तिवारी, अभिजीत तिवारी ने पैरवी की है।

**12 साल पहले रतनपुर तिहरे हत्याकांड में हुई थी फांसी की सजा** : 11 फरवरी 2011 को रतनपुर निवासी मनोज सूर्यवंशी ने पड़ोसी शिवलाल धीवर के तीन बच्चे विजय धीवर 8 साल, अजय धीवर 6 साल, साक्षी धीवर 4 साल की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया था। दरअसल पड़ोसी के छोटे भाई शिवनाथ के साथ आरोपी की पत्नी सुमिरत बाई भाग गई थी, जिसका बदला लेने उसने तीनों बच्चों की स्कूल से लौटते समय हत्या कर दी थी। 5 मई 2013 को जिला न्यायालय से आरोपी मनोज सूर्यवंशी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। 8 अगस्त 2013 को हाईकोर्ट ने सजा बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था।

### मृत्युदंड ही समाज के...

वह 34 साल का बौद्धिकता से परिपक्व मस्तिष्क का है। जिस तरह से अपराध किया गया है, उसे देखते हुए इस प्रकरण में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। वह पुनःसमाज में शामिल होने के लायक नहीं है। आरोपी को मृत्युदंड देना ही समाज के हित में उपयुक्त है।

### चल रही थी क्लास, छत का...

अविभावक व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई तथा वे शिक्षा विभाग के साथ जिम्मेदार जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित नजर आए। मंगलवार 13 अगस्त को जिले के नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला पुटपुरा में रोज की भांति क्लास चल रही थी। इस दौरान छठवीं कक्षा के बच्चे पढ़ रहे थे तभी पंखे के पास छत का प्लास्टर भर भरभराकर गिर गया। घटना में छठवीं कक्षा के छात्र समर राठौर, पूनम राठौर, मानवी यादव, राधिका केंवट और शिक्षा यादव को चोटें आई।

### बच्चों का फूटा सिर...

विजीपारा के नए भवन निर्माण के लिए 30 लाख 22 हजार और शासकीय प्राथमिक शाला भवन पुटपुरा के लिए 12 लाख 90 हजार रुपए कुल मिलाकर 43 लाख 12 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इतना ही नहीं इसके लिए डीएमएफ के पोर्टल से ऑनलाइन तकनीकी स्वीकृति के लिए नक्शा, खसरा सहित आवश्यक दस्तावेज मंगाए गए। जबकि इस जर्जर भवन के जीर्णोद्धार के लिए पूर्व में कई बार मांग की गई थी, तब किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## पी8आई विमानों की स्वदेश में होगी मरम्मत बोइंग की एआई इंजीनियरिंग संग भागीदारी

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** वैमानिकी क्षेत्र की अमेरिका की प्रमुख कंपनी बोइंग ने भारत की एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड के साथ भागीदारी की है। जिसकी मदद से नौसेना के बेड़े में शामिल करीब दर्जनभर लंबी दूरी समुद्री निगरानी विमानों 'पी8आई' के जटिल कलपुर्जों की स्वदेश में मरम्मत की जा सकेगी। इसी के तहत तमिलनाडु के आईएनएस रजाली नौसैन्य अड्डे पर पहले पी8आई विमान का लैंडिंग गियर ओवरहॉल यानी मरम्मत का कार्य पूरा किया गया है। बोइंग इंडिया ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।


**कार्यालय नगर पंचायत इंदौरी, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**
**Email ID:- cmoindauri@gmail.com**

क्रमांक 155 /स्था. / तक./ न.पं. / 2024-25 पिपरिया, दि. 13.08.2024

**॥ मैनुअल पद्धति से वार्षिक निविदा आमंत्रण ॥**

नगर पंचायत इंदौरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्षिक अनुबंध दर पर कराये जाने वाले कार्यों / क्रय की जाने वाली सामाग्रियों हेतु एस.ओ. दर दिनांक 01.01.2015 व सामग्री दर तथा कार्यालयीन व अन्य कार्यों के संचालन हेतु श्रमिक रखे जाने हेतु प्रचलित कलेक्टर दर पर समान / कम / अधिक प्रतिशत दर मैनुअल पद्धति से निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से त्रि-लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएँ दिनांक 05.09.2024 दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27.08.2024
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि :- 29.08.2024
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 05.09.2024 दोप. 03:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 05.09.2024 शाम 04:00 से

टीपः- उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित अन्य समस्त जानकारियाँ कार्यालय न.पं. इंदौरी के सूचना पटल एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

- नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें
- स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत इंदौरी

** पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें..**



**BILASPUR SMART CITY LIMITED**
3rd FLOOR, PINGLE BHAWAN, NEHRU CHOWK
Phone No.:07752-222642, Fax: 07752-413888, e-mail: tenders.bscl@gmail.com

**दुकानों के विक्रय हेतु निविदा**

No.449/BSCL/2024-25 Bilaspur, Dated 13/08/2024

BSCL invites proposal for following sale of shops on lease basis:

| NIT No. | Name of work | Bid Due Date |
|---|---|---|
| 229 | सिटी कोटवाली मल्टी लेवल कार पार्किंग के भू–तल पर स्थित शेष 33 नग व्यवसायीक दुकानों के विक्रय हेतु ऑफर आमंत्रित किया जाता है। | 29/08/2024 IST 03:00 PM |

इच्छुक व्यक्ति निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नगर पालिक निगम के औपचारिक वेबसाईट https://www.bilaspurnagarnigam.com से डाउनलोड करें।

Green City, Clean City, Smart City.

MANAGER
BILASPUR SMART CITY LIMITED



**परिशिष्ट IV-A**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) [CIN : L65922DL2005PLC136029] ("सुरक्षित लेनदार द्वारा")** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, **31.08.2024** को **शाम 04.00 बजे से 05.00 बजे** तक **"जहां है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है"**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLRPR00387465** के लिए **रु. 31,16,671/- (रुपए इकतीस लाख सोलह हजार छह सौ इकहत्तर मात्र)** के लिए **05.08.2024** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **06.08.2024** से प्रभावी जो **संजय कुमार साहू और भारती साहू** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 11,00,000/- (रुपए ग्यारह लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **("ईएमडी") रु. 1,10,000/- (रुपए एक लाख दस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**फ्लैट नंबर 202, दूसरी मंजिल, ब्लॉक–ए, साई विलास् अपार्टमेंट, खसरा नंबर– 303/15, 303/2, 303/10 भाग, कुम्हारी, साई धाम के सामने, दुर्ग– 490001, छत्तीसगढ़।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.sammaancapital.com देखें; संपर्क का नंबर : 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी : auctionhelpline@sammaancapital.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें

सही/–
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

दिनांक : 09.08.2024
स्थान : दुर्ग (छत्तीसगढ़)



**परिशिष्ट IV-A**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) [CIN : L65922DL2005PLC136029] ("सुरक्षित लेनदार द्वारा")** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, **31.08.2024** को **शाम 04.00 बजे से 05.00 बजे** तक **"जहां है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है"**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLRPR00354723** के लिए **रु. 23,34,933/- (रुपए तेईस लाख चौंतीस हजार नौ सौ तैंतीस मात्र)** के लिए **05.08.2024** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **06.08.2024** से प्रभावी जो **मनोज कुमार राठौड़ और मंजुलता राठौड़** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 8,00,000/- (रुपए आठ लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **("ईएमडी") रु. 80,000/- (रुपए अस्सी हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर जे–134, सर्वे नंबर 306 के भाग में 954 वर्ग फीट का क्षेत्रफल, "संस्कार सिटी" में, गांव धनसुली में स्थित है, पी. एच. नंबर 69/12, आर.एन.एम. मंदिर हसौद, खसरा नंबर 259/1, 259/2, 262/1, 262/2, 263, 306, क्षेत्रफल 5.92 हेक्टर, तहसील आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। उक्त संपत्ति इस प्रकार सीमाबद्ध है :–**

**उत्तर की तरफ : प्लॉट नंबर 134** **पूर्व की तरफ : प्लॉट नंबर 134–आई**
**दक्षिण की तरफ : सड़क** **पश्चिम की तरफ : चारदीवारी**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.sammaancapital.com देखें; संपर्क का नंबर : 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी : auctionhelpline@sammaancapital.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें

सही/–
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

दिनांक : 09.08.2024
स्थान : रायपुर


## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**मिथुन** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार में मान–सम्मान मिल सकता है।

**कर्क** — चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह** — घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। संचित धन में कमी आ सकती है।

**कन्या** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति के लिए प्रयास करें। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला** — आय बढ़ोतरी के मार्ग प्रशस्त होंगे। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति होगी। अति उत्साही होने से बचें।

**धनु** — नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मीन** — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

## गांव में कोई भी गरीब न हो सबको मिले रोजगार : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गांव में कोई भी गरीब नहीं होना चाहिए और सभी को रोजगार मिलना चाहिए। महात्मा गांधी का सपना था ग्राम स्वराज, जब हम ग्रामीण विकास की बात करते हैं, तो बुनियादी ढांचे का विकास सबसे आगे आता है। श्री चौहान ने आगे कहा कि ग्रामीण विकास का मतलब है गांव में अच्छे स्कूल, अच्छे पंचायत भवन, अच्छे सामुदायिक भवन, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं। इसलिए बुनियादी ढांचा महत्वपूर्ण है। गांवों को उचित सड़क संपर्क, पीने योग्य पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि की आवश्यकता है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री मंगलवार को तेलंगाना के राजेंद्र नगर में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान की आम परिषद की बैठक में भाग लेने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर, गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जेएनयू, नई दिल्ली और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान , नई दिल्ली के साथ पीएचडी कार्यक्रम के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

## शब्द पहेली - 5602



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता,दुश्मनी-4
7. नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर,शिव-4
11. संज्ञा,संबोधन-2
13. वेग,गति-3
14. महसूल,राहदरी-2
15. अंधकार,अंधेरा-3
17. कुंजी,ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता,बेगानापन-5
25. समय,वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा,सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी,धूल-2
32. नट,बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स,हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा,पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना,अड़ जाना-3
5. जंगल,कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी,धन-4
12. वोट,राय-2
16. राजा,महाराजा-3
17. चतुर्थ,चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन,देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर,लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना,बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल,नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी,अवकाश-2
37. राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5601 का हल



## सूडोकु नवताल - 5613

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5612 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वैश्विक उथल-पुथल के बीच जताई चिंता

# अगले 5 साल भयावह, युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया, सैन्य और आर्थिक चुनौतियां खतरनाक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इजराइल-ईरान के बीच तनाव, रूस और यूक्रेन में चल रहे भीषण युद्ध से दुनिया के कई देश विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच लगातार सामने आ रही भयानक तस्वीर को लेकर चिंता जताई।

उन्होंने मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच ढाई साल से युद्ध चल रहा है। इस बीच मध्य पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया में सैन्य तनाव, आर्थिक चुनौतियां और जलवायु परिवर्तन की घटनाएं बेहद खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच या दस साल बेहद कठिन होने वाले हैं। जयशंकर ने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव पर कहा कि नवंबर में होने वाले चुनाव में जो भी जीतेगा, भारत की नरेंद्र मोदी सरकार उनके साथ काम करने को तैयार है।

*" विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- इजराइल-ईरान के बीच तनाव, रूस और यूक्रेन में चल रहे भीषण युद्ध से दुनिया के कई देश विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। आने वाले पांच या दस साल बेहद कठिन होने वाले हैं।*

## हम बेहद कठिन दौर से गुजर रहे



जयशंकर ने कहा कि मैं एक आशावादी व्यक्ति हूं और आम तौर पर समस्याओं के समाधान के बारे में सोचता हूं, न कि उन समस्याओं के बारे में जो समाधान से उत्पन्न होती हैं। लेकिन मैं बहुत गंभीरता से कहूंगा कि हम बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास अगले पांच वर्षों के लिए बहुत ही गंभीर पूर्वानुमान है। आप मध्य पूर्व में, यूक्रेन में, दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशिया में हो रहा देख रहे हैं। इसके अलावा कोविड का प्रभाव अभी भी जारी है। हम लोग जो कोरोना के उस भयावह दौर से सुरक्षित निकल आए हैं, अब इसे हल्के में ले रहे हैं।

### अमेरिका के साथ संबंध मजबूत

जयशंकर ने अमेरिकी चुनाव पर चर्चा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि हम अन्य देशों के चुनावों पर टिप्पणी नहीं करते। अमेरिकी अपना निर्णय लेंगे। हमारे अमेरिका के साथ मजबूत संबंध हैं। हमें पूरा विश्वास है कि पिछले 20 वर्षों के अनुभव के आधार पर हम नए राष्ट्रपति के साथ काम कर सकते हैं, चाहे वह कोई भी हो।

### व्यापार कठिन हो रहा

*जयशंकर ने कहा कि आप दुनिया में जिस तरह की आर्थिक चुनौतियां देख रहे हैं। उससे कहीं अधिक देश संघर्ष कर रहे हैं। व्यापार कठिन हो रहा है, विदेशी मुद्रा की कमी है। उन्होंने गाजा में हो रहे संघर्ष और ईरान समर्थित हूती मिलिशिया द्वारा लाल सागर में जहाजों में लगातार लूट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। जयशंकर ने कहा कि लाल सागर में जो कुछ हो रहा है और जलवायु संबंधी घटनाएं... अब केवल खबर नहीं रह गई हैं... उनके वैश्विक स्तर पर विध्वंसकारी परिणाम सामने आ रहे हैं।*



# अगले सप्ताह पोलैंड के एक दिवसीय दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह 21 अगस्त को पोलैंड की एक दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। बीते करीब चार दशक से अधिक समय में (वर्ष 1979 के बाद) किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा की जाने वाली यह पोलैंड की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। जहां वह पोलैंड के राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इनमें रक्षा और सामरिक संबंधों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वर्ष 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पोलैंड की यात्रा की थी।

**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

**Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:**

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Registraion No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Raipur | FRR01033L | G MANISH KUMAR | CG04PB8409 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 2 | Raipur | FRR01171L | C TOSHAN | CG04PA1058 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 3 | Bhilai | FBB00330L | T MADHU BAI | CG04NY4232 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 4 | Ambikapur | FRC00908L | M RAJKUMAR | CG15DZ3867 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR |
| 5 | Ambikapur | FRC00941L | A KURBAN | UP64BT7088 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR |
| 6 | Jagdalpur | FRJ01013L | M PINTU | CG17KZ0130 | NATIONAL AGRO TECH JAGDALPUR |
| 7 | Korba | FRK00277L | SHIVAM TRAVELS | CG12BE3423 | R S PARKING YARD, KORBA |
| 8 | Korba | FRK00611L | K SHIV PRASAD | CG11AF2680 | R S PARKING YARD, KORBA |
| 9 | Dhamtari | FRT00531L | Y CHAMAN LAL | CG05AN2735 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) **Call: 0771-4255804, Last Date : 21st August, 2024.**

The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.

**-Authorized Officer**

**Date : 14th August, 2024, Raipur** **www.indusind.com**

"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"

# भारत, आस्ट्रेलिया ने माना आतंकवाद वैश्विक चुनौती मिलकर करेंगे मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के मध्य भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 12 अगस्त को नई दिल्ली में आतंकवाद से मुकाबले पर गठित किए गए सयुंक्त कार्यसमूह की 14वीं बैठक हुई। जिसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के. डी देवल ने किया। जबकि आस्ट्रेलिया के दल का नेतृत्व इस मामले के लिए नियुक्त किए गए राजदूत रिचर्ड फीक्स ने किया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस बैठक में आतंकवाद की वैश्विक चुनौती और दोनों देशों के आपसी सहयोग के मुद्दे पर विचार, विमर्श किया गया। दोनों देश आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करते हैं। साथ ही आतंकवाद से मुकाबले के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने की आवश्यकता के भी पुरजोर समर्थक हैं।

■ **आतंकवाद से मुकाबले के लिए गठित संयुक्त कार्यसमूह की हुई बैठक**

मंत्रालय ने बताया कि भारत, आस्ट्रेलिया आतंकवाद के छद्म रूपों का सीमा पार प्रयोग किए जाने के भी खिलाफ हैं। इस वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच आंतकवाद से जुड़े घरेलू, क्षेत्रीय और वैश्विक खतरे पर भी चर्चा की गई। आतंकी संगठनों द्वारा प्रयोग की जाने वाली नई और उभरती हुई तकनीक, इंटरनेट के दुरुपयोग, चरमपंथ और आतंकियों को वित्तीय सहायता व संगठित अपराध जैसे मुद्दे भी इस बैठक में शामिल किए गए। आतंकवाद से मुकाबले का मामला दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी का महत्वपूर्ण भाग है।

**Form No. IV** (See sub rule (2A) of rule 5)
Summon Under Sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule of **Debt Recovery Tribunal** (procedure) rules 1993.

**BEFORE THE DEBT RECOVERY TRIBUNAL**
H.No. 797- II, Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001

**CASE NO OA NO. 1331/2022**

**Bank of Baroda______ Applicant**
**Versus**
**M/S. S. K. M. CONCRETE AND OTHERS ______Defendants**

**1. M/s. S.K.M. Concrete**
**Through its Partners :**
**(a) Mr. Suresh Kumar Mirghani (b) Mr. Ravi Mirghani**
**( c) Mr. Ashok Kumar Mirghani (d) M/s. S K M Concrete Infracon Pvt. Ltd.**
D-14, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur, (CG) 492001
**2. Mr. Suresh Kumar Mirghani S/o Late Shobhraj Mal Mirghani**
R/o C-2, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492001
**3. Mr. Ravi Mirghani S/o Mr. Suresh Kumar Mirghani**
R/o C-2, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492001
**4. Mr. Ashok Kumar Mirghani S/o S.K. Mirghani**
R/ o C-2, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492001
**5. Mrs. Lata Mirghani W/o Mr. Suresh Kumar Mirghani**
R/o C-2, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492001
**6. Mrs. Manisha Mirghani W/o Mr. Ashok Kumar Mirghani**
R/ o C-2, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492001
**7. Ms. Neelam Mirghani D/o Ashok Kumar Mirghani**
R/o C-2, Sector - 4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492001
**8. Mrs. Sheema Mirghani W/o Manoj Kumar Bhuvania**
R/o C-2, Sector - 4, Devendra Nagar, Raipur (C.G .) 492001
**9. Mrs. Samiksha Mirghani, W/o Mr. Ravi Mirghani**
R/o C-2, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492001
**10. M/s. Hotel Punit Through its Partner :**
DAL DAL, Seoni Road, Mowa, Raipur, (CG) 492001
**11. M/s. S. K. M. Concrete Infracon Pvt. Ltd. Through its Director/s**
31, Ground Floor, Dolphin Chambers, Pandari, Raipur (CG) 492001

| श्रेणी | शासकीय महाविद्यालय हेतु पंजीयन राशि (सुरक्षा निधि राशि) | निजी महाविद्यालय अथवा निजी महाविद्यालय + शासकीय महाविद्यालय हेतु पंजीयन राशि (सुरक्षा निधि राशि) |
|---|---|---|
| UR | 10000/- (रू. दस हजार मात्र) | 100000/- (रू. एक लाख मात्र) |
| SC/ST/OBC | 5000/- (रू. पांच हजार मात्र) | 100000/- (रू. एक लाख मात्र) |

ऑनलाईन पंजीयन से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **www.cgdme.in** एवं **www.cgdme.admissions.nic.in** का अवलोकन करें।

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़

G-242501817/2

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
### एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)**

**PR No. 314096 Dated. 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **48/2024-25** — दिनांक :- 08.08.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GUM-02/2023-24 | विशुनपुर | 1 | बनालात से घाघरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.150 कि०मी०) | 1673.832 | सोलह करोड़ तिहत्तर लाख तिरासी हजार दो सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | विशुनपुर | 2 | जोरी रेहेलदाग बेथथ रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.660 कि०मी० (Working Length-3.710 Km) | | | |
| | | घाघरा | 3 | हहारी मोड़ से पतराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.800 कि०मी०) | | | |
| | | घाघरा | 4 | अरंगी आर०ई०ओ० रोड से कुहीपाट भाया पलमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.500कि०मी०) | | | |
| | | घाघरा | 5 | चुंदरी से कटियाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.330 कि०मी०) | | | |
| | | घाघरा | 6 | सरांगो नावाटोली से चामा भाया चमेली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | विशुनपुर | 7 | L036-T01 से लाईन टोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.100 कि०मी०) | | | |
| | | विशुनपुर | 8 | बनारी बनालात रोड दरदाग से चिलपोखर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.500 कि०मी०) | | | |
| | | विशुनपुर | 9 | बेती से रांगे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि :–13.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 21.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–22.08.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग –सह– जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

**PR.NO.332603 Rural Work Department(24-25):D**

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल

**बालोद।** झलमला-गुरूर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 स्थित ग्राम सांकरा (क) में सोमवार को मोटर सायकल को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इससे मोटर सायकल सवार के सिर में गंभीर चोट आई, घटना में घायल बुजर्ग का हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुजर्ग दयाराम सोरी 50 वर्ष मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 24 6514 से ग्राम करहीभदर में खाद खरीदने के लिए गया हुआ था। वहां से मोटर सायकल से वापस लौटने के दौरान पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे बुजर्ग व्यक्ति के सिर पैर व हाथ में गंभीर चोट आयी है।

वहीं दुर्घटना घटित कर कार चालक कार के साथ फरार हो गया। उसके बाद राहगीरों ने मोटर सायकल सवार बुजुर्ग व्यक्ति जो सड़क में बेहोश पड़ा था, उसे राहगीरों ने तत्काल 108 वाहन के माध्यम से गुरूर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
### लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 132/157221 | B.T. Patch Repair Work, Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads Of Abhanpur. Section No -03 & Nawapara Section Under Sub Division Abhanpur 1.Dadarjhori Manikchauri Tokro Kodapar Marg (MDR) 1/2 to 10/4=9.40 km. 2.Dongitrai Pipraud Umarpoti Sundarkera Road (Main District Road) 1/2 to 17/2=16.20 km. 3. Tarri Pateva Road (Rural Road) 1/2 to 4/2 = 3.20 km. 4. Chipridih Internal Road (Rural Road) 1/2 to 2/8 (1.65 km) 5. Khola Thelkabandha Dadarjhori Road (VR) 1/2 to 5/6 Length 4.60 km) 6. Jawaibandha approach road (VR) 1/2 to 1/6 Length 0.60 km 7. Jawaibandha-Khola road (VR) 1/2 to 3/6 Length 2.60 km 8. Nawagaon Jaundi Marg (VR) 1/2 to 3/10 = 3.00 km. 9. Navapara Chhanta Kathiya Road (MDR) 1/2 to 13/10 = 12.75 km. 10. Navagaon Parsada Road (Rural Road) 1/2 to 1/10=0.85 km. 11. Sonth Ghont Road (Rural Road) 1/2 to 2/10=2.00 km. 12. Navapara Paragaon Road (Rural Road) 1/2 to 1/10 = 1.00 km. 13. Lakhna-Champaran Road (Rural Road) 1/2 to 5/10=5.00 km. 14. Sonesilli-Chhata Road (Rural Road) 1/2 to 2/10 (2.00 km). | रू. 80.00 लाख |
| 133/157222 | B.T. Patch Repair Work,Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads of Abhanpur. Section No.-01,Section No.02 & Khilora Section Under Sub Division Abhanpur 1. Jamgaon-Khola Road (VR) 1/2 to 2/4 Length 1.40 km 2. Satpara Approach road (VR) 1/2 to 1/10=1.00 km. 3. Sarkhi Sakri Beler Sarabada Road (MDR) length 8.30 km. 4. Kendriya Singarbhatha Chhachanpari Marg (MDR) 7/10 to 10/2=2.00 km. 5. Parsulidih Lamkeni Dhodhara Road (MDR) 1/4 to 2/6, 3/4 to 3/6, 4/4 to 4/6 and 2.20 km. 6. Chhote Urla Approach roads (VR) 1/2 to 1/10=1.00 km. 7. Baler-Kopedih Road (Rural Road) 1/2 to 1/4 =0.30km. 8. Abhanpur Biroda Approach road length (rural road) 2/2 to 2/4 = 0.25 km. 9. Urla Pacheda Road Length (Rural Road) 6/2 to 7/2 (75 m) = 1.075 km 10. Chandi Belar Sarbada Marg (Rural Road) 3/2 to 3/6 - 4/2 to 4/8(70 m) = 1.270 km. 11. Abhanpur Kolar Tekari Marg (MDR) Km. 1/2 to 3/6- 5/2 to 11/2 = 8.47 km. 12. Chhachanpari Julum Mundra Marg (VR) 1/2 to 3/4-5/6 to 6/10=3.70 km. 13. Amadi Raveli Marg (Rural Road) 1/2 to 2/10=3.68 km. 14. Bendri Approach road (rural road) 1/2 to 2/2 = 1.20 km. 15. Jhanki Baktara Biroda Marg (Rural Road) 1/2 to 8/4 7.30 km. 16. Chhachanpari Khilora Marg (Rural Road) 1/2 to 3/4 = 2.40 km. | रू. 80.00 लाख |
| 134/157223 | B.T Patch Repair work on Various Roads Under Section No. 1, Sub Dn. No. 3 Raipur 1.Simga Tilda Kharora Arang Nawapara Magarload Dhamtari Road (SH -20) KM Length 7.5KM 2.Gourbhat Bhalera Tamasivni Tandul Road KM 1 to 17 Length 17KM 3.Uperwara Cheriya Kurru Road KM 6 to 10 Length 5KM 4. Vidhansabha Fly Over KM 1 Length 1KM 5.Torla Kathiya Abhanpur KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 6.Jamgaon Mandlor Pond Danganiya Road KM 1 to 12 Length 9KM 7. Sunderkera Kathiya Nawagaon Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 8.Kathiya Tarra Ugetara Nawgaon Road KM 1 to 5 Length 5KM 9.Ganoud Kharkharahadih Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 10. Jounda Mandlore Road KM 1 to 3 Length 3KM 11.Torla Tila Champaran Jounda road KM 14 to 18 Length 5KM12.Charoda Khapri Tamasivni Bhurka Pond Road KM 1/2 to 4/2 Length 3.2KM13.Torla Bhurka Kumhari Road KM 1/2 to 5/8 Length 4.8KM14.Tarra 17 Nos. Nali Nawagaon KM 1/2 to 3/8-100 Length 2.7KM15.Doma Gourbhatti Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4KM16.Dhamni Ganod Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4KM17.Bhothidih Champaran Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 18.Cheriya Kurru Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 19.Torla Approach Road KM 1/2 to 2/2 Length 1.2KM | रू. 120.00 लाख |
| 135/157224 | W.M.M. & B.T Patch Repair work on Various MDR & Village Roads in Section No.3 Road Under Sub Dn. No. 3 Raipur 1. Jhanki Murra pacheda Road 3.00 km Jhanki Murra pacheda Road 3.00 km 2. uparwara bus stand to ITM university length km 2.00 km 3. Administrative Academy nimora internal Raod length 1.00 km 4. Kendri Uparwara Road Km 3.1 Km. 5. Bhelwadih to Uparwara Raod length 1 km 6. Tuta to nimora Road length 0.60 km 7. uparwara to manakhar length km 2.00 km | रू. 30.52 लाख |
| 136/157225 | B.T. PATCH REPAIR WORK ON VARIOUS ROAD UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.-1, SECTOR-17, NAVA RAIPUR (C.G.) Abhanpur Kolar Tekari Sonpairi khilora Road km 11/2 to 22/6 km | रू. 25.00 लाख |

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि मण्डल
क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)

G -242501756/1

# स्पैम कॉल करने पर कनेक्शन काटने का निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को दूरसंचार कंपनियों को निर्देश दिया कि अनचाही (स्पैम) कॉल करने वाले गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटने के साथ उन्हें दो साल तक के लिए काली सूची में डाल दिया जाए। इसके साथ ही भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों को इस निर्देश का तत्काल पालन करने और इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में पाक्षिक आधार पर नियमित ब्योरा देने के लिए भी कहा है।

## ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद

ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस 'निर्णायक कार्रवाई' से बिना पंजीकरण वाले टेलीमार्केटिंग कंपनियों की तरफ से उपभोक्ताओं को की जाने वाली स्पैम कॉल में कमी आने और ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## रिकॉर्ड व कंप्यूटर जनित कॉल पर भी आपत्ति

*इस दिशा में ट्राई ने थोक कनेक्शन और दूसरे दूरसंचार साधनों का इस्तेमाल करने वाले सभी गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर (यूटीएम) से प्रचार के लिए की जाने वाली कॉल पर रोक लगाना सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए अनिवार्य कर दिया है, चाहे ये संदेश पहले से रिकॉर्ड हों या कंप्यूटर-जनित हों। दूरसंचार नियामक ने कहा, "दूरसंचार साधनों (एसआईपी/ पीआरआई/ अन्य दूरसंचार संसाधनों) का उपयोग करने वाले गैर-पंजीकृत प्रेषकों/ गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों से की जाने वाली सभी प्रचारात्मक कॉल तुरंत रोक दी जाएंगी।"*

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(C.G. Govt. Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 **GST – 22AADCC5773E1ZX**
**CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR**
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174. Web Site :www.sldccg.com, email- office@sldccg.com

**No.: 03-02/SLDC/e-bidding/TR-231/1164 Raipur, Dtd.: 12/08/2024**

**Notice Inviting Tender (NIT)**

**Tender No.: TR-231**
Name of the Work: **Tender for Supply, Installation, Testing and Commissioning of Web Servers, and Firewalls with associated Storage and Peripherals at Main SLDC, Raipur.**
Online bids are invited through CSPTCL tendering system (SAP-SRM) from Eligible Contractor/ Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened & will be allowed registration for this tender till following date.

Important Dates:
Last date for Submission of Tender Document: 04/09/2024, upto 03:00 PM Only.
Date of opening of Tender Document: 04/09/2024 at 03:30 PM
The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com & www.cspc.co.in

// Save Electricity //
EXECUTIVE DIRECTOR
(SLDC), CSPTCL, RAIPUR

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR ZONE-10**
Email:- rmczone10@gmail.com
e-Procurement Tender Notice Main Portal:
http://eproc.cgstate.gov.in (2nd Call)

**NIT NO: 25** **RAIPUR DATED: 13.08.2024**
Online bids are invited for the following works up to **28.08.2024** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 157551 | जोन क्र.10 अंतर्गत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 में प्लेसमेंट एजेंसी माध्यम से 40 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराये जाने बाबत। | 62.91 Lakh |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **13.08.2024** 17.30 **Hours** (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other documents.
**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE NO. 10**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

# जैन चुस्की चाय के लकी ड्रॉ ऑफर को मिल रहा शानदार रिस्पांस




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जैन चुस्की चाय की निर्माता कंपनी जैन ट्रेडर्स ने हाल ही में ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत ग्राहकों की भारी मांग पर 309 रुपए के मूल्य में एक किलो जैन चुस्की चाय के उत्पाद की खरीदी पर एक कूपन मुफ्त मिलेगा। जिसे आप विभिन्न पुरस्कारों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस योजना को ग्राहकों से काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। यह योजना रिटेलर और होलसेलर एवं प्रत्येक कस्टमर के लिए है। योजना का लकी ड्रॉ 30 अप्रैल 2025 को निकाला जाएगा। लकी ड्रॉ में पहला पुरस्कार एक मारुति आल्टो कार है। इसी तरह दूसरा पुरस्कार एक्टिवा स्कूटर (दो विनर को), तीसरा पुरस्कार वाशिंग मशीन (10 विनर को), चौथा पुरस्कार 100 ग्राम चांदी के सिक्के (50 विनर को), पांचवा पुरस्कार 50 ग्राम चांदी के सिक्के (100 विनर को) है। जैन ट्रेडर्स के संचालक यशवंत जैन ने बताया कि हमारे उत्पाद अपनी गुणवत्ता व उम्दा स्वाद के चलते छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में काफी पसंद किए जाते है। हमारे विभिन्न उत्पाद चुस्की चाय, चुस्की सोंठ, चुस्की रॉयल, चुस्की सुपर, चुस्की गोल्ड आदि को लोगों ने काफी पसंद किया है।

# रिलायन्स ज्वेलर्स ने आभार कलेक्शन के साथ मनाया 17 वर्षों का जश्न



**मुंबई।** भारत के प्रमुख ज्वैलरी ब्रांड रिलायन्स ज्वैल्स ने अपनी बेजोड़ कारीगरी और उत्कृष्ट सेवाओं के 17 वर्षों का उत्सव मनाते हुए नए 'आभार कलेक्शन' का अनावरण किया। यह कलेक्शन विशेष रूप से उन ग्राहकों के लिए पेश किया गया है जिन्होंने ब्रांड की रचनात्मकता और सफलता में योगदान दिया है। रिलायन्स ज्वेलर्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा कि हम 17 वर्षों का जश्न मना रहे हैं और इस दौरान आभार कलेक्शन ग्राहकों के साथ हमारे रिश्ते की ताकत और उनके प्रति आभार का प्रतीक है। उनके सहयोग से ही हम निरंतर इनोवेट कर पा रहे हैं और उनकी पसंद के अनुरूप खुद को ढाल पा रहे हैं। आभार कलेक्शन देश के 200 से अधिक शहरों में 400 से अधिक स्टोर्स पर उपलब्ध है। इस कलेक्शन के साथ गोल्ड के मेकिंग चार्ज और डायमंड की कीमत पर फ्लैट 17% डिस्काउंट और 5 लाख रुपये से अधिक के बिल पर अतिरिक्त 5% डिस्काउंट का ऑफर भी दिया जा रहा है। यह विशेष ऑफर 2 सितंबर 2024 तक मान्य रहेगा।

**स्थानीय विनिर्मित रेंज रोवर की आपूर्ति शुरू ।।** मुंबई। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर ने घरेलू बाजार में स्थानीय रूप से विनिर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही, अब रेंज रोवर का पूरा खंड भारत में निर्मित हो गया है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी (छ.ग.)**
Email ID- eedha-phe-cg@nic.in
Telephone Number-07722-238719

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय निविदा) //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- "ए" में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) बसाहटों में 150 मि.मी. व्यास के 120मी. गहरे नलकूप खनन कार्य हेतु निम्नलिखित आनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. / दिनांक सिस्टम टेंडर क्र. | विकासखंड | नलकूप की संख्या | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03/JJM/12.08.2024, 157518 | नगरी | 22 | 31.94 |
| 2 | 04/JJM / 12.08.2024, 157519 | धमतरी, मगरलोड | 05, 20 | 36.30 |

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (**https://eproc.cgstate.gov.in**) से दिनांक - 14.08.2024 से देखा जा सकता है एवं **दिनांक 02.09.2024 सांय 5:30 बजे तक** डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**धमतरी (छ.ग.)**
G- 242501789/3

**कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम**
**(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**
ई-मेल - actd. kabeerdham@nic.in

क्रमांक / 1331/ EMRS / आजाक / 2024 - 25 कबीरधाम, दिनांक 02/08/2024

**निविदा सूचना**

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति कबीरधाम जिला कबीरधाम द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि. खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024 - 25 हेतु पंजीकृत फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कबीरधाम के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (जी.एस.टी. प्रमाण पत्र सहित) रू. 500.00 (रू. पांच सौ मात्र) का चालान निम्नानुसार शीर्ष में जमा कर दिनांक 22.08.2024 को संध्या 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
**निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 22.08.2024 समय शाम 5:00 बजे तक**
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23.08.2024 दोपहर 12.00 बजे**
**निविदा खोलने की तिथि 23.08.2024 सायं 3.00 बजे**

अधिकृत बैंक में जमाशीर्ष "मुख्यशीर्ष 0250 - अन्य सामाजिक सेवाएं, लघुशीर्ष - 102 - अनुसूचित जाति / अनु. ज. जाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग कल्याण योजना से प्राप्तियां, योजना क्रमांक- 0175" में शासकीय चालान जमा करते हुए उक्त तिथि में फर्म का आवेदन एवं चालान की मूल कापी प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास कबीरधाम**
G- 242501781/2

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)**

ई निविदा प्रसंग संख्या - **RCD/DEOGHAR/1522/2024-25(1st Call)**
दिनांक – **13.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बाराटांड़ मोड़– कुरुवा–रांगामटिया–पालाजोरी (SH-15 पर) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/ पुर्ननिर्माण का अवशेष कार्य (कुल लंबाई 25.594 कि0मी0) (पुल निर्माण सहित) |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये **38,47,04,301/-** (अड़तीस करोड़ सैतालीस लाख चार हजार तीन सौ एक रुपये मात्र)। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 14 (चौदह) माह। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 12.09.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 16.08.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 22.08.2024 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर। |
| 8. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | **06432-299919** |
| 9. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651–2401010 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर
**PR 332644 Road(24-25).D**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 39/157291 | SR, MOW and Ordinary Mantainance of CG Niwas Dwarka Sector 13, New Delhi (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 100.00 लाख |
| 41/157290 | SR, MOW and Ordinary Maintainance of Tribal Youth Hostel, Dwarka New Delhi. (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 50.00 लाख |
| 137/157228 | White Washing/ Colour Washing/ Distempering / Painting/ Cow Dung Painting work on Science Collage, Khel Parisar Kota Stadium Raipur Under Sub Division No. 3 Nava Raipur (प्रथम आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |

**एन.आई.टी. क्र.39 सिस्टम टेन्डर नं. 157291 एवं एन.आई.टी. क्र.41 सिस्टम टेन्डर नं. 157290, निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 137 सिस्टम टेन्डर नं. 157228 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि रायपुर मण्डल क्रं.-1**
**रायपुर (छ.ग.)**
G-242501757/4

epaper : www.haribhoomi.com
**हरिभूमि CLASSIFIED**
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
**Raipur- 79871-19756**
**6263818152**

**Appointment**
**आवश्यकता**

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 + कमीशन + बोनस ट्रेनिंग के बाद कमाए 15,000 से ज्यादा **गोल चौक** DDU **नगर रायपुर संपर्क करें- +91 7417779219.** (RO-6454)

**सुपरवाइजर/गार्ड**

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा एरिया में,हाउस कीपिंग व जनरल सुपरवाईजर, इलेक्ट्रीशियन व सिक्युरिटी गार्ड.**(5 वर्ष के अनुभवी ही संपर्क करें-78801 34141 )**(RO-6455)

**हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**




**सेल्स मार्केटिंग**

**आवश्यकता है-** फील्ड सेल्स मार्केटिंग कार्य हेतु C.G. के 18 जिलों में निम्न पद जिला- 1, तहसील 4, गांव 8, महिला, या पुरुष, जरूरतमंद ही संपर्क करें, (एक्सपीरियंस व फ्रेशर) (सैलरी+ कमीशन) अपना, बायोडाटा व्हाट्सएप करें **ऑफिस धमतरी रायपुर- 9111444419.**(RO-A)

**सिक्योरिटीगार्ड**

**आवश्यकता है-** "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED **434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.** (RO-2915)

**जनरल मैनेजर**

**REQUIRE GENERAL MANAGER** for managing a leading marriage palace of city, we require general manager. Person experienced in this field with knowledge of english will be preferred. Walk-in interview on 16th Aug. between 5.30 to 6.30 pm
**SALARY AROUND 6,00,000/- PA**
PLEASE CONTACT
**GAYATRI PALACE**
Dhamdha Road, Chikhli, Durg
Ph.93030 72667, 70498 11111
gayatripalace15@gmail.com

**टेलीकॉलर**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलर की, वेलनेस व न्यूट्रिशन सेंटर में काम करने हेतु योग्य टेलीकॉलर की जरूरत है शीघ्र **संपर्क करें:- 7509703555, 7000844248 सुबह 8:00 से 11:00 तक** (RO-2927)

**मैनेजर/ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर परियोजना के लिए (1) जनरल मैनेजर (2) इलेक्ट्रीकल इंजीनियर (3) टीम लीडर (4) कम्प्यूटर ऑपरेटर (एक्सेल अनुभवी) (5) मैकेनिकल डिप्लोमा धारक मेहनती उम्मीदवारों की आवश्यकता है **सम्पर्क करें- 7000087820, 8896200007, 7583808008.**(RO-35096)

**प्रचार-प्रसार**

**आवश्यकता है-** दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी का प्रचार प्रसार ऐवम Telly Calling के लिए 5 युवक-युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- 62682-79954. (आरो नं -844)

**सुरक्षागार्ड/घरेलु कार्य**

**तत्काल आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-2929)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की तुरंत आवश्यकता है अनुभव- 10 वर्ष लग्जरी कार चलाने का अनुभवी हो सेठ जी के साथ चलने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-2930)

**हाऊसकीपिंग**

**आवश्यकता है-** सिविल लाइन रायपुर बंगले मे रसोइया महाराज,रसोइया सहायक एवं हाऊसकीपिग (पुरुष/महिला) की। बंगले में कार्य किए हुए व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। रहने की सुविधा। **संपर्क करें:- 9109117063, 6232936927.** (RO-261)

**शिक्षण**

**आवश्यकता है-** (Walk in Interview) छत्तीसगढ राज्यएड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से आनंद शिक्षण संस्था लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना में निम्न पद पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार आमंत्रण 1, आउटरीच वर्कर (ORW)-1पद, वेतन- =10500+1500 योग्यतास्नातक , साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा है - दिनांक 14/8/2024 समय सुबह 11 से दोपहर 2बजे तक। **साक्षात्कार पता :- म. 440, शांतिनगर, गदाचौक के पास, सुपेला, भिलाई संपर्क न. 7828854494, 9770377577** (आरो नं - 6361)

**क्लासीफाईड**

**कम्प्यूटर/ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** रायपुर भनपुरी स्थित सी.एंड एफ. ऑफिस / गोडाऊन हेतु SAP कंप्यूटर ऑपरेटर की अनुभवी ही संपर्क करे। **संपर्क - 9229287930 (समय - 10 से 6)** (RO-274)

**आवश्यकता है-** मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : **नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.**(RO-301)

**कुक/देखरेख**

**आवश्यकता है-** आदर्श गर्ल्स हॉस्टल नेहरूनगर पूर्व भिलाई में खाना बनाने कुक एवम गर्ल्स की देखरेख करने पूरे समय के लिए सिंगल विडो महिला की आवश्यकता है आवास एवं भोजन सुविधा उपलब्ध **9424119112.**(आरो न.-558)

**इंजीनियर/मार्केटिंग**

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट कंपनी में सिविल इंजीनियर, डिजिटल मार्केटर, और मेनेजमेंट कार्य हेतु 4+ साल अनुभवी कर्मचारी चाहिए। **संपर्क : 95841-31350, ई-मेल - info@mrlayouts.com** (आरो नं -6362)

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं 12वीं, स्नातक अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 से 20000 कमीशन, बोनस रहना खाना फ्री **सम्पर्क करें- 7987711297, 7000361880.** (RO-35080)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**क्रेन ऑपरेटर/हेल्पर**

**आवश्यकता है-** अनुभवी हाइड्रा / क्रेन ऑपरेटर और क्रेन हेल्पर की आवश्यकता सिलतरा, रायपुर स्थित फैक्ट्री में काम के लिए । रहने खाने सुविधा । **तुरंत संपर्क करे - 9754128888.**(RO-1355)

**लेबर**

**आवश्यकता है-** पोल्ट्री फॉर्म मे काम करने के लिए (फैमली वाली) लेबर की अर्जेंट आवश्यकता है। सैलरी 10,000 रु./माह RS ग्रुप पोल्ट्री सिवनी-चाम्पा **(छ.ग.) मो.8109702713.**(RO-19616)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी, कम्पनी द्वारा भारतीय वनविभाग द्वारा निकली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर, सीट (8050) पद - फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, सैलरी - (28600 -35600), (10वी- 12वी पास) लड़के लड़कियां आवेदन के लिए आधारकार्ड,पासपोर्ट साइज फोटो, मार्कसीट,व्हाट्सएप / **कॉल करें -8167235106.** (RO-409)

**आवश्यकता है-** (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 6267324667. (RO-1329)




**आवश्यकता है-** जिलानुसार फॉरेस्ट कम्पनी डिपार्टमेंट को 1150/- लड़के लड़कियों की योग्यता (8वी - ग्रेजुएट), सैलरी (32500-64500) रहना +खाना फ्री पद वनरक्षक , फील्डऑफिसर , ड्राइवर, गनमैन इच्छुक व्यक्ति / रिटायर्डफौजी अपना फोटो , आधारकार्ड , मार्कशीट , **व्हाट्सएप करें - 9120184952.** (RO-389)

**Business**
**व्यापार**

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (RO-2894)

**Astrology**
**ज्योतिष**

**ज्योतिष -** शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म **7347259119.**(RO-13135)

**Property**
**प्रापर्टी**

**बेचना है -** बिलासपुर गोल बाजार कमर्शियल क्षेत्र स्थित शाप 453 वर्गफीट तीन मंजिला एवं 540 वर्गफीट दो मंजिला अलग अलग एवं एक साथ बेचना है। **सम्पर्क करें- नरेंद्र अग्रवाल 9826138787.** (RO-35077)

**छोटा विज्ञापन**

**प्लाट**

**बेचना है -** 12000 से 14000 Sqft प्लॉट मैन प्राईमलोकेशन, टेडेसारा चौक के पास, मुढ़ीपार रोड पर स्थित, वर्तमान में धर्मकांटा संचालित है, धर्मकांटे के साथ बेचना है। **संपर्क- 9039119999, 9926311199, 9826811199.**(RO-1711)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

# एयर इंडिया एक्सप्रेस ने छह नई दैनिक उड़ानें शुरू कीं



एजेंसी ▶▶| नयी दिल्ली/कोलकाता

13 अगस्त (भाषा) एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने घरेलू नेटवर्क को मजबूत करते हुए छह नई दैनिक उड़ानें शुरू की हैं। इनमें से चेन्नई और कोलकाता से उड़ानें भी शामिल हैं। एयरलाइन कंपनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि नई उड़ानों में कोलकाता से दो, चेन्नई से तीन और गुवाहाटी-जयपुर मार्ग पर पहली सीधी उड़ान शामिल है। बयान में कहा गया कि नई उड़ानें चेन्नई-भुवनेश्वर, चेन्नई-बागडोगरा, चेन्नई-तिरुवनंतपुरम, कोलकाता-वाराणसी, कोलकाता-गुवाहाटी और गुवाहाटी-जयपुर मार्ग पर शुरू की गई हैं।

■ चेन्नई और कोलकाता से उड़ानें शामिल

कोलकाता-वाराणसी उड़ान सुबह 7:40 बजे रवाना होकर 9:05 बजे वाराणसी पहुंचेगी, जबकि वापसी की उड़ान वाराणसी से सुबह 9.40 बजे से रवाना होकर 11.10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। कोलकाता-गुवाहाटी उड़ान दोपहर 12.10 बजे रवाना होगी और 1.25 बजे गुवाहाटी में उतरेगी, जबकि वापसी की उड़ान गुवाहाटी से दोपहर 1.55 बजे रवाना होगी और रोजाना शाम 4.35 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

## एक्सप्रेस के बेड़े में 82 विमान

टाटा समूह की इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस 82 विमानों के बेड़े के साथ 380 से अधिक दैनिक उड़ानें संचालित करती है। इनमें 54 बोइंग 737 और 28 एयरबस ए 320 विमान शामिल हैं।

# विप्रो में शीर्ष स्तर पर इस्तीफों का दौर जारी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) सुभा टाटावर्ती ने इस्तीफा दे दिया है। टाटावर्ती अप्रैल, 2021 में प्रौद्योगिकी प्रमुख के तौर पर विप्रो में शामिल हुई थीं।

अपने तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने विप्रो की जेनएआई पहल का नेतृत्व किया और विप्रो एआई360 की शुरुआत की। शेयर बाजार को सोमवार को दी गई सूचना के अनुसार, 'मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी सुभा टाटावर्ती ने विप्रो से बाहर अवसर तलाशने के लिए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है।' टाटावर्ती ने विप्रो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनि पलिया को भेजे इस्तीफे में लिखा, '' मैं 16 अगस्त से विप्रो के सीटीओ पद से इस्तीफा दे रही हूं। आपको आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं।'' इसके साथ ही कंपनी के उच्च पदों पर लोगों का इस्तीफा देने का दौर जारी है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक थिएरी डेलापोर्ट के इस्तीफे और अप्रैल में पलिया के कंपनी से जुड़ने के बाद से पिछले चार महीने में शीर्ष स्तर पर यह चौथा इस्तीफा है।

# फोगाट से लेकर पंघाल तक, पेरिस ओलंपिक में देखने मिले कई विवाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 औपचारिक रूप से सम्पन्न हो चुका है। इस ओलंपियाड में भारत ने कुल 6 पदक जीते, जिसमें 1 रजत शामिल रहा। हर बार की तरह इस बार भी इन वैश्विक खेलों में कुछ पुराने रिकॉर्ड्स ध्वस्त हुए और परिणामस्वरूप नए कीर्तिमान स्थापित हुए। खेलों से इतर इस बार का ओलंपिक कुछ विवादित घटनाओं के चलते भी चर्चा का केंद्र रहा। कुछ प्रमुख विवादों में भारतीय खिलाड़ी विनेश फोगाट व अंतिम पंघाल से लेकर विदेशी खिलाड़ी तक चर्चा में रहे।

### फाइनल में पहुंचने के बाद अयोग्य हुईं विनेश फोगाट

विनेश फोगाट ने महिलाओं की 50 किलोग्राम भारवर्ग के सेमीफाइनल में क्यूबा की गुजमान लोपेज को हराते हुए अपना ओलंपिक पदक सुनिश्चित किया था। नियमों के अनुसार, फाइनल से पहले विनेश का वजन नापा गया, जो लगभग 100 ग्राम अधिक था। उन्होंने फाइनल से पहले अपने वजन को कम करने के लिए पूरी रात जॉगिंग, स्किपिंग और साइकिलिंग की, लेकिन वजन कम नहीं कर पाई थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त समय मांगा, लेकिन उनकी दलीलों को अस्वीकार कर दिया गया और उन्हें फाइनल में खेलने के अयोग्य घोषित कर दिया।

### विनेश ने कुश्ती को कहा अलविदा

विनेश ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट्स के सामने खुद को रजत पदक देने की अपील की थी। इस पर अभी फैसला होना बाकी है। बता दें कि विनेश ने अयोग्य घोषित होने के बाद कुश्ती से संन्यास भी ले लिया था।



### मुक्केबाज इमान खलीफ ने विवाद के बावजूद जीता स्वर्ण पदक

अल्जीरियाई मुक्केबाज इमान खलीफ ने महिलाओं के 66 किलोग्राम भारवर्ग में इटली की एंजेला कैरिनी के खिलाफ सिर्फ 46 सेकेंड में ही जीत दर्ज की थी। इसके बाद इटली की मुक्केबाज ने खलीफ के जेंडर पर सवाल उठाए थे। इसके बाद से अल्जीरियाई मुक्केबाज चर्चा का केंद्र बन गई थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से समर्थन मिलने के बाद खलीफ ने आखिरकार स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने फाइनल मुकाबले में चीनी मुक्केबाज को हराया था।

### पैराग्वे की महिला तैराक लुआना को छोड़ना पड़ा खेल गांव

पैराग्वे की महिला तैराक लुआना अलोंसो घर वापस भेजे जाने के बाद से चर्चा में बनी हुई थी। 20 वर्षीय तैराक को कथित तौर पर अपने साथियों के बीच 'अनुचित माहौल' बनाने के कारण खेलगांव छोड़ने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी सुंदरता के चलते साथी खिलाड़ियों का ध्यान भटक रहा था।



### कोकीन खरीदते पकड़ा गया ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी

ऑस्ट्रेलिया के हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग को कोकीन खरीदने के प्रयास में गिरफ्तार किया गया था। क्रेग को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक समिति ने क्रेग से उनके ओलंपिक एथलीट के विशेषाधिकार छीन लिए और वे समापन समारोह में शामिल नहीं हुए थे। ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम की बात करें तो वह पदक नहीं जीत सकी थी।



### पार्क में सोते हुए नजर आए इटली के तैराक थॉमस

पेरिस ओलंपिक के दौरान दो पदक विजेता इटली के तैराक थॉमस सेकॉन पार्क में सोते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह खेलगांव के पार्क में जमीन पर सोए हुए नजर आए। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओलंपिक विलेज में एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था नहीं थी और वह इसको लेकर शिकायत भी कर चुके था।



### बड़े विवाद में फंस गई थीं अंतिम पंघाल

अपने पहले मैच में हारकर बाहर होने वाली अंतिम पंघाल बड़े विवाद में फंस गई थी। दरअसल, अंतिम पर आरोप लगा कि उन्होंने गलत तरीके से अपनी बहन को खेलगांव में भेजा था। सिक्योरिटी अधिकारियों ने अंतिम की बहन निशा पंघाल को कैंपस में एक्रेडिटेशन कार्ड का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा था। भारतीय पहलवान ने अपनी सफाई में कहा था कि वह कुछ सामान खेलगांव में भूल गई थीं, जिसके लिए उन्होंने अपना एक्रिडिटेशन कार्ड बहन को दिया था।

## खबर संक्षेप



### पोपिरिन ने रूबलेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन पुरुष एकल खिताब जीता

**मांट्रियल।** आस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन ने रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 6-2, 6-4 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का सबसे बड़ा एकल खिताब है। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज पोपिरिन ने दूसरे दौर में 11वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को हराया । इसके बाद सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी । उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को हराया । फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा को हराया । इस प्रदर्शन से पोपिरिन रैंकिंग में 62वें से 23वें स्थान पर पहुंच जायेंगे ।

### श्रेयस अय्यर बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए एक मैच खेलेंगे

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर गुरुवार से तमिलनाडु में चार स्थानों पर शुरू होने वाले आगामी बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए एक मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। अय्यर 27 से 30 अगस्त तक कोयंबतूर में खेले जाने वाले मुंबई के दूसरे दौर के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस मैच में भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव दीपक पाटिल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''श्रेयस अय्यर तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलेंगे। वह 27 अगस्त से कोयंबतूर में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेंगे।'' अय्यर ने इस महीने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से भारतीय टीम में वापसी की है।



### इयान बेल बने श्रीलंका के नए बल्लेबाजी कोच

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट टीम को 21 अगस्त से इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। श्रीलंकाई टीम 3 मैचों की इस सीरीज में धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में खेलेगी। इस बीच श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी इयान बेल को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। उन्हें आगामी सीरीज के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के सीईओ एश्ले डी सिल्वा ने कहा कि इयान बेल को इंग्लैंड में खेलने का काफी अनुभव प्राप्त है और हमें विश्वास है कि उनकी सलाह इस महत्वपूर्ण दौरे में हमारी टीम के लिए मददगार साबित होगी। इयान बेल ने न्यूजीलैंड पुरुष टीम के सहायक कोच के रूप में काम किया है। इनके अलावा वह बिग बैश लीग और द हंड्रेड में भी कोचिंग दे चुके हैं। बेल ने अपने टेस्ट करियर में 118 मैच खेले, जिसमें 42.69 की औसत के साथ 7,727 रन बनाए थे।



## शूटिंग विश्व कप 13 से 18 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होना है आयोजित

# मनु लेंगी तीन माह का ब्रेक, शूटिंग विश्व कप में खेलने पर असमंजस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी में भारत को 2 पदक दिलाने वाली निशानेबाज मनु भाकर अक्टूबर में होने वाले शूटिंग विश्व कप को छोड़ सकती है। मनु के कोच जसपाल राणा ने इस बात की संभावना जताई है। उन्होंने बताया कि पेरिस ओलंपिक के बाद मनु ने 3 महीने का ब्रेक लेने की योजना बनाई है। वह लंबे समय से प्रशिक्षण ले रही थी। ऐसे में उनके विश्व कप में हिस्सा लेने के निर्णय पर असमंजस बना हुआ है।





### कोच राणा ने दिया यह बयान

रिपोर्ट के अनुसार, मनु के कोच राणा ने, मुझे यकीन नहीं है कि मनु अक्टूबर में होने वाले शूटिंग विश्व कप में हिस्सा लेंगी या नहीं क्योंकि वह 3 महीने का ब्रेक ले रही है। वह लंबे समय से प्रशिक्षण ले रही है। उनके ब्रेक के बाद वह 2026 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल में शीर्ष स्थान हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। बता दें, शूटिंग विश्व कप 13 से 18 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है।

### मनु ने इन स्पर्धाओं में जीते हैं पदक

मनु ने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदकों का खाता खोला था। उन्होंने 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया था। इसके साथ ही वह निशानेबाजी में पदक हासिल करने वाली भारत की पहली महीला निशानेबाज बनी थी। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ इसी स्पर्धा के मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक पर निशाना लगाया था। वह आजाद भारत में एक ओलंपिक में 2 पद हासिल करने वाली भी पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं।




### मनु-नीरज का साथ वीडियो देख उड़ी शादी की अफवाह

निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों साथ नजर आ रहे हैं, वहीं एक अन्य वीडियो में मनु की मां सुमेधा भी नीरज बातचीत करते दिखाई दे रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग मनु और नीरज की शादी को लेकर बातें कर रहे हैं।

### मनु की शादी पर बोले उनके पिता

निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा वीडियो वायरल होने तथा शादी की अफवाह पर मनु के पिता रामकिशन ने कहा, मनु अभी बहुत छोटी है। उसकी शादी की उम्र भी नहीं है। अभी इस बारे में सोचा भी नहीं है। दूसरे वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, मनु की मां नीरज को अपने बेटे की तरह मानती हैं। जैसा आप सोच रहे हैं वैसा कुछ भी नहीं है। बता दें, मनु और नीरज दोनों हरियाणा से ही हैं।

### दोनों ने पेरिस ओलंपिक में जीते पदक

पेरिस ओलंपिक 2024 में मनु और नीरज दोनों ने ही पदक अपने नाम किए हैं। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किए। नीरज ने भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।

पैरालंपिक 2024

# बैडमिंटन चैंपियन भगत पर लगा 18 महीने का प्रतिबंध



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस में 28 अगस्त से 8 सितंबर तक होने वाले पैरालंपिक 2024 से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में बैडमिंटन का स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रमोद भगत पर डोपिंग संबंधी नियमों का उल्लंघन करने के कारण 18 महीनों का प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में वह अब पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। एंटी डोपिंग डिविजन कोर्ट ऑफ ऑर्बिटेशन फोर स्पोर्ट ने उन्हें दोषी पाए जाने पर सजा का ऐलान किया है।

### प्रमोद ने क्या किया उल्लंघन

बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के बयान में कहा गया है, सीएसए ने प्रमोद को 12 महीनों में 3 बार अपने ठिकाने की जानकारी देने के लिए कहा था, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रहे हैं। इसके बाद 1 मार्च, 2024 को सीएसए ने उन्हें दोषी करार देकर 18 महीने का प्रतिबंध लगाया था। हालांकि, प्रमोद ने सीएसए के फैसले के खिलाफ अपील भी की थी, लेकिन गत 29 जुलाई को सीएसए अपील डिविजन ने उसे खारिज कर दिया।

### शानदार रहा है प्रमोद का प्रदर्शन

टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद प्रमोद का प्रदर्शन शानदार रहा है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने थाईलैंड के पटाया में पैराबैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में इंग्लैंड के डेनियन बथेल को हराकर अपने पुरुष एकल के खिताब का बचाव किया था। 35 वर्षीय भगत ने 1 घंटे 40 मिनट तक चले मुकाबले में बथेल को 14-21, 21-15, 21-15 से मात दी थी। इससे पहले उन्होंने साल 2015, 2019 और 2022 में भी यह खिताब अपने नाम किया था।

ओलंपिक

# पदक को दांतों से काटना परंपरा या फिर स्टाइल...!



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को अक्सर अपने पदक दांतों से काटते हुए देखा होगा। पूर्व में ऐसा केवल स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी ही करते थे, लेकिन अब रजत और कांस्य जीतने वाले खिलाड़ी भी ऐसा करते हैं। अब सवाल है कि खिलाड़ी आखिर ऐसा क्यों करते हैं? क्या इसके पीछे कोई अंतरराष्ट्रीय खेल परंपरा या अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का नियम है?

### इस तथ्य से जुड़ा है पदक को दांतों से काटने का चलन

पुराने समय में सोने की परख के लिए उसे दांतों में दबाकर देखा जाता है। सोना खरा होने पर दांत के निशान उस पर आ जाते थे। उस परंपरा को मेडल पाने वाले खिलाड़ियों ने स्टाइल में शुमार कर लिया और देखादेखी रजत और कांस्य पदक पाने वाले खिलाडी भी ऐसा ही करने लगे। हालांकि, अब ओलंपिक में शुद्धता के लिए पदक को काटने की बात नहीं है। यह बस प्रथा के हिसाब से खुशी जाहिर करने का चलन है।

### 1912 के ओलंपिक से बंद हुए शुद्ध सोने के पदक

आईओसी ने 1912 के स्टॉकहोम ओलंपिक से शुद्ध सोने के पदक देना बंद कर दिया था। वर्तमान में स्वर्ण पदक में ज्यादातर चांदी होती है। आईओसी के नियमानुसार, स्वर्ण और रजत पदक में कम से कम 92.5 प्रतिशत शुद्ध चांदी होना जरूरी है। हालांकि, स्वर्ण पदक को अलग करने के लिए उसमें 6 ग्राम सोने की पॉलिस करना अनिवार्य है। ऐसे में स्पष्ट है कि खिलाड़ियों को शुद्धता का पैमाना पता है और वह खुशी के लिए उसे काटते हैं।

### जब पदक को काटते समय टूट गया था खिलाड़ी का दांत

पदक को दांतों से काटकर फोटो खिंचवाने के चक्कर में एक एथलीट ने अपना दांत ही तोड़ लिया था। यह घटना 2010 के शीतकालीन ओलंपिक की है। जर्मनी के लुगर डेविड मोलर ने रजत पदक जीता था। फोटोग्राफर ने उन्हें पदक को दांतों से काटने को कहा था। उस दौरान उनका दांत टूट गया था। मोलर ने जर्मन अखबार बिल्ड से कहा था, पदक को काटने के बाद रात के खाने में मैंने देखा कि मेरा एक दांत गायब था। आधुनिक ओलंपिक में पोडियम समारोह के जश्न को कैद करने के लिए फोटोग्राफर विजेताओं से पदक को दांतों से काटने का अनुरोध करते हैं। इसका कारण है कि यह फोटो इतिहास के पन्नों में दर्ज होती है और वह उसके बदले अच्छी रकम मिलती है। खिलाड़ी खुद भी इस तरह की फोटो पसंद करते हैं।

# ऋषभ पंत करेंगे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 19 सितंबर से बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज की मेजबानी करनी है। इससे ठीक पहले भारत के कई प्रमुख खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आएंगे। ऐसी खबरें हैं कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलते दिखेंगे। ऐसे में वह लम्बे समय के बाद किसी प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच में खेलते हुए नजर आएंगे।

### पंत के साथ-साथ राहुल और ईशान भी दलीप ट्रॉफी में लेंगे हिस्सा

पंत के साथ-साथ केएल राहुल और ईशान किशन भी दलीप ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे। पिछले रणजी ट्रॉफी के संस्करण में किशन नहीं खेले थे। वह बोर्ड के कहने के बावजूद नहीं खेले थे, जिसके बाद उन्हें सेंट्रल



कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था। ऐसे में उनके पास राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए अच्छा मौका होगा। राहुल ने चोट के चलते पिछले कुछ टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने जनवरी 2024 में अपना पिछला टेस्ट खेला था।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2022 के बाद से नहीं खेले

पंत ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ अपना पिछला टेस्ट मैच खेला था। इसके बाद भीषण कार दुर्घटना के बाद से वह लम्बे समय तक मैदान से दूर रहे थे। उन्होंने तब से वनडे और टी-20 प्रारूप में तो वापसी कर ली है, लेकिन टेस्ट प्रारूप नहीं खेला है।

### पाकिस्तान से आज तक टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाया बांग्लादेश, उतरेगा इतिहास रचने

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच 21 अगस्त से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी में बांग्लादेश की टीम में कड़ी चुनौती पेश करना चाहेगी। दूसरी तरफ पाकिस्तान की कप्तानी शान मसूद करेंगे। उनके नेतृत्व वाली टीम में कामरान गुलाम और मोहम्मद हुरैरा जैसे नये चेहरों को शामिल किया गया है। दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होंगे। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की मौजूदा रैंकिंग में फिलहाल पाकिस्तान 5वें और बांग्लादेश 8वें स्थान पर है।

# बीसीसीआई शुरू कर सकता है पूर्व खिलाड़ियों की लीग, आईपीएल की तरह हो सकता है टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले कुछ समय से पूर्व खिलाड़ियों की लीग खेली जा रही हैं और इनकी लोकप्रियता में भी इजाफा हुआ है। बीते महीने जुलाई में ही 'वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स' लीग सम्पन्न हुई थी, जिसमें इंडिया चैंपियंस ने खिताब जीता था। इस बीच खबर है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब संन्यास ले चुके खिलाड़ियों की लीग शुरू करने की योजना बना रहा है। यह इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर खेली जा सकती है। यह लीग विशेष रूप से उन क्रिकेटरों के लिए होगी, जिन्होंने खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है।

### सचिन, युवी, सहवाग, गेल आ सकते हैं नजर

प्रस्तावित लीजेंड्स प्रीमियर लीग में सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स जैसे महान क्रिकेटर शामिल हो सकते हैं। अगर इसे लागू किया जाता है, तो यह किसी क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला लीजेंड्स टूर्नामेंट होगा। मौजूदा अधिकांश लीग निजी कंपनियों के स्वामित्व में हैं।

### कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने बीसीसीआई से किया है आग्रह

*कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने लीग के प्रस्ताव के साथ बीसीसीआई के सचिव जय शाह से संपर्क किया है। इस मामले में बोर्ड ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि चर्चा अभी शुरुआती चरण में है और इस साल लीग का आयोजन संभव नहीं होगा। ऐसी संभावना है कि 2025 में बीसीसीआई द्वारा इस लीग का आयोजन हो सकता है।*

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992 ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम / फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | स्टेशन रोड शाखा राजनांदगांव 7879038235 | श्री दिनेश कुमार डहरिया (उधारकर्ता) एवं श्रीमती संगीता डहरिया (सह-उधारकर्ता) पताः- मकान नं. 216, वार्ड नं.- 11, ग्राम- शेरगढ़, तहसील- खैरागढ़, जिला- राजनांदगांव, छ.ग.- 491445 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल परिवर्तित भूमि पर निर्मित भवन, खसरा नं.- (157,177)/9 क, क्षेत्रफल- 0.04 ए (0.016 हेक्टेयर)/1730 वर्गफीट परिवर्तित किराया रु. 122.00, स्थित मोतीपुर (राम नगर), राजनांदगांव, प.ह.नं.- 34, आर आई सर्कल- मोतीपुर, तहसील एवं जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) हैं जो श्रीमती संगीता डहरिया पति श्री दिनेश कुमार डहरिया एवं श्री दिनेश कुमार डहरिया पिता श्री नम्मु दास डहरिया के नाम पर हैं. संपत्ति की सीमाएं: दक्षिण-15 फीट गली, उत्तर- साहू की भूमि, पूर्व-जवामती की भूमि, पश्चिम-विक्रेता छबील यादव की विश्राम भूमि एवं खुली भूमि. | 07.05.2024 रु. 22,30,711.99 + ब्याज + अन्य प्रभार 08.08.2024 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।
दिनांक: 14.08.2024, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा







# नेल कटर में लगे होते हैं 2 चाकू... क्या आप जानते हैं इनका इस्तेमाल?

**नई दिल्ली।** नाखून काटने के लिए उपयोग किए जाने वाले नेल कटर के बीच में 2 अलग-अलग छोटे ब्लेड दिए जाते हैं। नेल कटर के बीच में दो चाकू जैसी संरचनाएं हैं जिनका उपयोग आवश्यकतानुसार किया जा सकता है। इस प्रकार के चाकू का उपयोग नाखून काटने और कई अन्य कार्यों के लिए किया जा सकता है। नेल कटर में दो ब्लेड जुड़ने के बाद इसकी उपयोगिता काफी बढ़ जाती है। आप जहां भी जाएं इसे अपने साथ ले जा सकते हैं। क्योंकि यह बहुत छोटा है। कई उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसका उपयोग काटने, ड्रिलिंग करने और बोतलों के ढक्कन खोलने के लिए किया जा सकता है। हममें से अधिकांश लोगों के पास नाखूनों की सफाई के लिए एक तेज घुमावदार ब्लेड वाला नेल क्लिपर होता है।



# एक लाख रुपए का पान खाया है कभी...खाते ही खुश हो जाते हैं दूल्हा-दुल्हन

**मुंबई।** बहुत से लोग पान खाना पसंद करते हैं। कई लोग रोज ही पान खाने के शौकीन होते हैं तो ऐसे लोगों की भी कोई कमी नहीं जो कभी-कभी मीठे पान का स्वाद लेना पसंद करते हैं। मुंबई में एक पान की दुकान है, जहां आपको एक लाख रुपए का पान मिल सकता है। इस दुकान के मालिक हैं नौशाद शेख, जो एमबीए ग्रेजुएट हैं। नौशाद के पास कई मल्टीनेशनल कंपनियों से अच्छे पैकेज की नौकरी के ऑफर थे, लेकिन उनका मन था कि वह खुद का कुछ काम करें।




**पान में क्या-क्या खास :** नौशाद एक लाख रुपए का पान बेच रहे हैं। नौशाद बताते हैं कि यह पान खास तौर पर नवविवाहित दूल्हे सुहागरात के मौके पर खरीद कर ले जाते हैं और इसे खाते ही दूल्हा-दुल्हन खुश हो जाते हैं। जब यह बनकर तैयार हो जाती है तो इस पर सोने का वरक चढ़ाया जाता है और यही वजह है कि इसकी कीमत इतनी ज्यादा है। नौशाद ने एक लाख के इस पान को 'फ्रेग्रेंस ऑफ लव' नाम दिया है। इसमें प्रिंस और प्रिंसेज नाम के दो बॉक्स होते हैं, जिसमें खुशबूदार इत्र छिड़का जाता है, साथ ही जाफरान भी होता है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com